**114. सकल राष्ट्रीय आय (Gross National Income- GNI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी गणना सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के साथ-साथ प्रवासियों द्वारा भेजे गए इनबाउंड रेमिटेंस और देश में रहने वाले विदेशी निवासियों द्वारा अर्जित कुल राजस्व को घटाकर की जाती है।
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी व्यापार उपस्थिति या विदेशी सहायता वाले देशों में GNI और GDPमें बड़ा अंतर होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**115. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U) EWS/LIG और MIG श्रेणियों के बीच शहरी आवास की कमी की समस्या का निपटान करती है।
2. अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHCs) प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U) के तहत एक उप-योजना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**116. 'वन रैंक वन पेंशन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका मतलब सैन्य अधिकारियों को समान रैंक हेतु समान सेवा अवधि के लियेसमान पेंशन का भुगतान है, भले ही सेवानिवृत्ति की तारीख कुछ भी हो।
2. योजना का क्रियान्वयन कोश्यारी समिति की संस्तुति पर आधारित था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**117. 'शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके द्वारा आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने हेतु क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (RATS) की स्थापना की गई।
2. SCO सचिवालय की आधिकारिक कामकाज़ी भाषा रूसी और चीनी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**118. शिमला समझौता, 1973 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह बांग्लादेश, भारत और पाकिस्तान के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता था।
2. यह समझौता मुख्य रूप से बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद तीन देशों में हुए युद्धबंदियों और नागरिकों के प्रत्यावर्तन पर केंद्रित था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

केवल 1
केवल 2
1 और 2 दोनों
न तो 1 और न ही 2

**119. निम्नलिखित कथन में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. भारत के महान्यायवादी को भारत के राष्ट्रपति द्वारा उनके हस्ताक्षर और मुहर के तहत वारंट द्वारा नियुक्त किया जाता है।
2. भारत का महान्यायवादी संघ की कार्यकारिणी का अंग नहीं होता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**120. 'मंदी' के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंदी में आम तौर पर कम से कम दो लगातार छमाही के लिये अनुबंधित अर्थव्यवस्था में समग्र उत्पादन शामिल होता है, साथ ही नौकरी के नुकसान एवं समग्र मांग में कमी होती है।
2. यील्ड व्युत्क्रमण लंबे समय से मंदी का एक विश्वसनीय भविष्यवक्ता रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

**121. मालाबार अभ्यास निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. आसियान (ASEAN)

B. ब्रिक्स (BRICS)

C. एससीओ (SCO)

D. क्वाड (QUAD)

**122. 'अस्पृश्यता' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह न केवल सरकार बल्कि निजी व्यक्तियों के विरुद्ध भी सुरक्षा प्रदान करता है।
2. "अस्पृश्यता" से उत्पन्न होने वाली किसी भी अयोग्यता का प्रवर्तन कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**123. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC) की स्थापना विश्व मौसम विज्ञान संगठन और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा की गई है।
2. IPCC की छठी आकलन रिपोर्ट के अनुसार, इस सदी में तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने की संभावना है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

**124. 'राष्ट्रपति की क्षमादान शक्ति' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लघुकरण सज़ा के कम गंभीर रूप हेतु सज़ा के प्रतिस्थापन को संदर्भित करता है।
2. स्थगन का अर्थ है सज़ा की प्रकृति को बदले बिना उसकी अवधि को कम करना।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**125. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 NCBC को संवैधानिक दर्जा प्रदान करता है।
2. वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी मामले के बाद राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) की स्थापना की गई।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**126. निम्नलिखित में से कौन-सी ग्रीनहाउस गैस नहीं है?**

A. परफ्लूरोकार्बन (PFCs)

B. सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$)

C. कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)

D. नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड ($NF_3$)

**127. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. क्षय रोग के जीवाणु शरीर के किसी भी भाग जैसे गुर्दे, रीढ़ और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकते हैं।
2. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के स्ट्रेन को संशोधित करके BCG वैक्सीन विकसित किया गया है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**128. निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा विश्व विकास रिपोर्ट जारी किया जाता है?**

A. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

B. विश्व बैंक (WB)

C. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

D. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

**129. राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. यह मानव, पशुओं और वन्यजीवों में बीमारियों की प्रभावी जाँच और नियंत्रण के लिये विश्वसनीय प्रकोप निगरानी प्रक्रियाएँ और सहयोगी जाँच के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है।
2. यह मानव और पशु दोनों क्षेत्रों की प्राथमिकता वाली बीमारियों के खिलाफ समग्र महामारी की तैयारी और एकीकृत रोग नियंत्रण हेतु समन्वित प्रयास करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**130. निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?**

1. भगत सिंह ने वर्ष 1926 में नौजवान भारत सभा की स्थापना की।
2. जेल में रहने के दौरान भगत सिंह ने 'मैं नास्तिक क्यों हूँ" पुस्तक लिखी।
3. वह सचिंद्रनाथ सान्याल द्वारा शुरू की गई हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य बने।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

131. **'पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority- PFRDA)' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ( National Pension System- NPS) के नियमन हेतु स्थापित किया गया था।
2. न्यूनतम सुनिश्चित प्रतिफल योजना (MARS) PFRDA द्वारा प्रदान की जाने वाली गारंटीकृत प्रतिफल योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

132. **जनमत संग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनिवार्य जनमत संग्रह, जनमत संग्रह का एक प्रकार है जिमसे किसी विशेष मुद्दे अथवा प्रस्ताव पर कानून द्वारा लोगों से वोट कराया जाना चाहिये।
2. वैकल्पिक जनमत संग्रह को गैर-बाध्यकारी जनमत संग्रह के रूप में भी जाना जाता है जिसके परिणाम कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

133 **निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) की स्थापना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत की गई थी।
2. पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम नियम, 2017 मजिस्ट्रेट को, अधिनियम के तहत मुकदमे का सामना कर रहे मालिक के मवेशियों को ज़ब्त करने की अनुमति देता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

134. **'जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC)' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNFCCC एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण अभिसमय है जिसका उद्देश्य ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता को कम करना है।
2. कार्यान्वयन के लिये सहायक निकाय (SBI) तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) UNFCCC के दो स्थायी सहायक संगठन (SBs) हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**135. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये**

1. प्रथम न्यायाधीश मामले (1982) में न्यायालय ने परामर्श शब्द का अर्थ सहमति के रूप में परिवर्तित कर दिया।
2. तृतीय न्यायाधीशों के मामले (1998) में न्यायालय ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपनाई जाने वाली परामर्श प्रक्रिया के लिये 'न्यायाधीशों के सम्मिलित परामर्श' की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**136. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. पल्मोनरी तपेदिक एक पुराना क्षय रोग है, किंतु यह निमोनिया के घातक रूप में हो सकता है।
2. कार्ट्रिज बेस्ड न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (CBNAAT) का उपयोग मल्टीड्रग रेजिस्टेंस ट्यूबरकुलोसिस (MDR-TB) के शुरुआती निदान के लिये किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**137. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विनयपिटक में बुद्ध की मुख्य शिक्षाएँ या धम्म शामिल हैं।
2. बौद्ध धर्म के सुत्तपिटक में भिक्षुओं और भिक्षुणियों के मठवासी जीवन पर लागू होने वाले आचरण और अनुशासन के नियम शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**138. 'वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के तहत प्रदर्शन या धरना देने का अधिकार शामिल है।
2. मानहानि एक आधार है जिस पर राज्य वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर प्रतिबंध लगा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**139. 'पुनर्संयोजन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा DNA स्ट्रैंड्स को विभाजित किया जाता है और उनकी मरम्मत की जाती है, जिससे एलील्स के नए संयोजन का निर्माण होता है।
2. आनुवंशिक घटकों को संशोधित करने के लिये पशुओं और पौधों की कोशिकाओं में वांछित जीन डालने के लिये पारगमन का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**140. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपने पद पर बने रहते हैं, यद्यपि उनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन और भत्ते भारत की संचित निधि पर भारित होते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**141. 'ओटीटी प्लेटफॉर्म' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करता है।
2. नियमों ने ओटीटी प्लेटफार्मों के लिये दो स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र के साथ एक स्व-नियामक संरचना की स्थापना की।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**142. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

1. मौलुदी लुनिसोलर कैलेंडर हैदर अली द्वारा शुरू किया गया था।
2. श्रीरंगपट्म का युद्ध ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मैसूर साम्राज्य के बीच लड़ा गया था।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**143. मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन RBI अधिनियम, 1934 के तहत किया गया था
2. MPC में में छह सदस्य होते हैं, वित्त मंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**144. संसद में प्रस्तुत किये गए बजट दस्तावेज़ो में निम्नलिखित में से क्या शामिल नहीं है?**

A. आउटकम बजट

B. खपत बजट

C. व्यय बजट

D. बजट एक नज़र में

**145. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंत्री विधायिका और कार्यपालिका दोनों के सदस्य होते हैं।
2. संसद का सदस्य हुए बिना किसी व्यक्ति को मंत्री के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**146. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. IMF की परिकल्पना ब्रेटन वुड्स में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में की गई थी।

B. वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट IMF द्वारा जारी की जाती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**147. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का पहला अधिवेशन वर्ष 1885 में दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में बंबई में हुआ।
2. कांग्रेस के सूरत अधिवेशन में स्वराज (स्वशासन), बहिष्कार आंदोलन, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय शिक्षा के लिये संकल्प अपनाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**148. निम्नलिखित में से कौन-सा टीका सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत प्रदान नहीं किया जाता है?**

A. हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप B

B. मेनिन्जाइटिस और निमोनिया

C. खसरा

D. चेचक

नोट :

**149. जनप्रतिनिधित्त्व अधिनियम ( 1951 ) में उल्लिखित अयोग्यताओं के मानदंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उसे किसी भी अपराध के संदर्भ में दो या अधिक वर्षों के कारावास हेतु दोषी नहीं ठहराया गया हो।
2. निवारक निरोध कानून के तहत किसी व्यक्ति की हिरासत भी अयोग्यता का एक मानदंड है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**150. वन नेशन वन राशन कार्ड ( ONORC ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ONORC योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013 के तहत लागू किया जा रहा है।
2. ONORC सामाजिक न्याय के लिये भौगोलिक बाधा को दूर करने और खाद्यान के अधिकार को सक्षम करने की परिकल्पना करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**151. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. भारतीय संविधान ने राज्यसभा के चुनाव के आधार के रूप में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया।
2. वर्ष 1989 में 61वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**152. 'उन्नत हल्का हेलीकाप्टर ( ALH ) ध्रुव Mk III विमान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्नत हल्का हेलीकाप्टर (ALH) ध्रुव Mk III विमान भारत और रूस के सहयोग से विकसित किया गया है।
2. यह एक जुड़वाँ इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकाप्टर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**153. अनन्य आर्थिक क्षेत्र ( EEZ ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. EEZ महासागर का एक क्षेत्र है, जो आम तौर पर किसी देश के प्रादेशिक समुद्र से 200 समुद्री मील की दूरी तक फैला होता है।
B. अन्य राज्यों को वैज्ञानिक अनुसंधान करने का अधिकार है और सभी देशों के जहाज़ों को इस क्षेत्र के माध्यम से गुज़रने का अधिकार होता है।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**154. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

1. ब्लू इकोनॉमी पूरी तरह से मत्स्य पालन क्षेत्र के परिवर्तन और आधुनिकीकरण पर केंद्रित है।
2. सतत् विकास लक्ष्य 14 (SDG 14) सतत् विकास के लिये महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण और सतत् उपयोग है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**155. 'प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसने अधिशेष विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों (Surplus Extended Producer Responsibility Certificates) की बिक्री एवं खरीद को प्रतिबंधित कर दिया।
2. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) या प्रदूषण नियंत्रण समितियों (PCC) को EPR पोर्टल पर एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**156. राष्ट्रपति के निर्वाचन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति के निर्वाचन हेतु निर्वाचक मंडल में केंद्रशासित प्रदेशों दिल्ली और पुदुचेरी की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।
2. राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मंडल पूर्ण नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**157. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केंद्र और एक अथवा एक से अधिक राज्यों के बीच का कोई भी विवाद सर्वोच्च न्यायालय के मूल अधिकार क्षेत्र में आता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है और अन्य उद्देश्यों के लिये नहीं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**158. गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम ( UAPA ), 1967 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोपपत्र दाखिल कर सकती है।
2. गैरकानूनी गतिविधि भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के उद्देश्य से किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई को संदर्भित करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**159. 'मिशन कर्मयोगी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य सिविल सेवा क्षमता निर्माण हेतु नया राष्ट्रीय ढाँचा स्थापित करना है।
2. इस मिशन हेतु कंपनी अधिनियम 2013 के तहत विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) का गठन किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**160. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सभा, संघ, धरना, निवास और व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार भारतीय नागरिकों और विदेशियों दोनों के लिये उपलब्ध है।
2. भारतीय संविधान केवल भारत के नागरिकों को सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**161. सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह राष्ट्रपति द्वारा दिये गए एक संदर्भ पर संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के आचरण और व्यवहार की जाँच करता है।
2. इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई सलाह राष्ट्रपति के लिये बाध्यकारी नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**162. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. उपचार हेतु किफायती औषधियाँ तथा भरोसेमंद इंप्लांट (अमृत) दीनदयाल आउटलेट्स में हृदय रोगों (Cardiovascular Diseases- CVD) से संबंधित दवाओं की रियायती कीमतों पर आपूर्ति शामिल नहीं है।
2. सेरेब्रोवास्कुलर रोग हृदय रोग के अंतर्गत नहीं आते हैं।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**163. 'संविधान की प्रस्तावना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 44वें संविधान संशोधन अधिनियम (1976) के माध्यम से समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता शब्द को जोड़ा गया।
2. भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य संकल्प' पर आधारित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**164. भारत में आरक्षण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विलियम हंटर एवं ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1882 में मूल रूप से जाति-आधारित आरक्षण प्रणाली के विचार की कल्पना की थी।
2. 103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 ने आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये 10% आरक्षण पेश किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**165. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. 'वेट-बल्ब' तापमान वह निम्नतम तापमान होता है, जिस पर वायु में जल के वाष्पीकरण द्वारा निरंतर दबाव में वायु को ठंडा किया जा सकता है।
2. 'वेट-बल्ब' के तापमान और ड्राई बल्ब के तापमान के बीच का अंतर वायु की आर्द्रता का एक माप है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**166. 'स्वास्थ्य का अधिकार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वास्थ्य का अधिकार जीवन के अधिकार की संवैधानिक गारंटी और राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के अनुरूप है।
2. भारत संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (1948) के अनुच्छेद 25 का हस्ताक्षरकर्त्ता है जो मानव के स्वास्थ्य एवं कल्याण के अधिकार से संबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**167. आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम ( ESMA ), 1968 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ESMA पुलिस को अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार प्रदान करता है।
2. ESMA भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची की संघ सूची के तहत भारत की संसद द्वारा बनाया गया एक कानून है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**168. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार कार्य करता है।
2. संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक साधन है और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इससे जुड़े हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**169. 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, ( NFSA ) 2013' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अधिनियम के अनुसार केवल 50% ग्रामीण जनसंख्या विधायी तौर पर लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये पात्र है।
2. अधिनियम के तहत राशन कार्ड जारी करने के मामले में परिवार की 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की सबसे बड़ी आयु की महिला का घर की मुखिया होना अनिवार्य किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**170. प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण या पीएम-पोषण योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिये पीएम-पोषण को मंज़ूरी दी।
2. यह योजना स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना के नाम से अम्ब्रेला कार्यक्रम के अंतर्गत आती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**171. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

1. संसद का कोई भी नामित सदस्य जो छह महीने की समाप्ति के बाद किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, उसे दल-बदल के आधार पर संसद की सदस्यता के अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
2. दल-बदल के आधार पर अयोग्यता के संबंध में अध्यक्ष/सभापति का निर्णय अंतिम होगा और न्यायिक समीक्षा के अधीन नहीं होगा।

नोट :

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**172. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एकीकृत भुगतान प्रणाली (UPI) का उपयोग भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा डिजिटल अंतरण को प्रबंधित करने के लिये किया जाता है।
2. NPCI की स्थापना वर्ष 2007 के भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय सुरक्षा विनिमय बोर्ड द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**173. 'कुनो राष्ट्रीय पार्क' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कूनो राष्ट्रीय पार्क खथियार-गिर शुष्क पर्णपाती जंगलों का हिस्सा है।
2. कूनो नदी, जो राष्ट्रीय उद्यान से गुजरती है, चंबल नदी की एक सहायक नदी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**174. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICJ प्रकृति में सलाहकार है और इसलिये देशों पर अपने निर्णयों को सुदृढ़ नहीं कर सकता है।
2. ICJ संबंधित देशों के अंतर्राष्ट्रीय कानून और घरेलू कानून दोनों के अनुसार संकल्प प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**175. 'वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ (GEP)' के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GEP रिपोर्ट विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित की जाती है।
2. रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 ने संभावित वृद्धि और श्रम उत्पादकता को कम किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**176: निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) की नियुक्ति मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से की जाती है।
2. मुख्य निर्वाचन अधिकारी (CEO) को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार नियुक्त किया जाता है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**177. जनमत संग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान में जनमत संग्रह का कोई विशेष प्रावधान नहीं है।
2. जनमत संग्रह भारत में न तो गैरकानूनी है और न ही प्रतिबंधित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**178. भारतीय नागरिकता के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि 10 दिसंबर, 1992 को या उसके बाद किसी व्यक्ति का जन्म भारत से बाहर हुआ हो तो वह भारत का नागरिक माना जाता है यदि उसके जन्म के समय उसके माता-पिता में से कोई एक भारत का नागरिक हो।
2. भारतीय मूल का वह व्यक्ति, जो नागरिकता प्राप्ति का आवेदन देने से ठीक पूर्व सात वर्ष तक नियमित रूप से भारत में रह चुका हो तो वह पंजीकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**179. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. भारतीय संघ राज्यों के बीच में कोई समझौते का परिणाम नहीं है। जैसे कि अमेरिकी संघ में।
2. भारतीय संघ, वह संघ है जो विभक्त नहीं हो सकता, अर्थात् राज्यों को संघ से अलग होने का कोई अधिकार नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**नोट :**

## उत्तर

1.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत का प्रधानमंत्री भारत सरकार का प्रमुख होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रधानमंत्री भारतीय संसद के दोनों सदनों में से किसी एक का प्रतिनिधि हो सकता है।
- अनुच्छेद 75 के अनुसार, प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**

2.

**उत्तर: A**

**व्याख्या;**

- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice -ICJ) संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक निकाय है।
- इसकी स्थापना जून 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई थी और इसने अप्रैल 1946 से कार्य करना शुरू किया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस न्यायालय में कुल 15 न्यायाधीश हैं, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा नौ वर्षों के कार्यकाल के लिये चुने जाते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

3.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- क्योटो प्रोटोकॉल, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय पर औद्योगिक और विकासशील देशों द्वारा सहमत व्यक्तिगत लक्ष्यों के अनुसार ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सीमित करने के लिये प्रतिबद्ध करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- क्योटो प्रोटोकॉल के अनुच्छेद 12 में परिभाषित स्वच्छ विकास तंत्र (CDM) के तहत उत्सर्जन-कमी या उत्सर्जन-सीमा प्रतिबद्धता वाले देश को विकासशील देशों में उत्सर्जन-कटौती परियोजना को लागू करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

4.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून न्यायाधिकरण (The International Tribunal for the Law of the Sea) एक स्वतंत्र न्यायिक निकाय है जो संधि की व्याख्या और आवेदन से उत्पन्न होने वाले विवादों को स्थगित करने हेतु समुद्र के कानून पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि द्वारा स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यायाधिकरण को संधि की व्याख्या या आवेदन से संबंधित किसी भी विवाद और विशेष रूप से किसी अन्य समझौते/संधि में प्रदान किये गए सभी मामलों पर अधिकार क्षेत्र प्रदान किये गए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

5.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह पर्यटन मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India- ASI) और राज्य/केंद्रशासित प्रदेशों की सरकारों के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विरासत स्थलों/स्मारकों को पर्यटकों की उपस्थिति और दृश्यता के आधार पर हरे, नीले और नारंगी रंग में वर्गीकृत किया गया है।

नोट :

- लाल किला (दिल्ली) और ताजमहल (आगरा) हरे रंग के स्मारक हैं जबकि कोटला फिरोज शाह (दिल्ली) नारंगी रंग का है। **अतः कथन 2 सही है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कंपनी अधिनियम, 2013 का खंड 135 भारत में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की धारणा को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम कंपनियों को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों पर पिछले तीन वर्षों में अपने औसत शुद्ध लाभ का 2% खर्च करने के लिये प्रोत्साहित करता है।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, वैसे व्यवसाय जिनका शुद्ध मूल्य 500 करोड़ या उससे अधिक रुपए है, या वार्षिक कारोबार 1,000 करोड़ या उससे अधिक रुपए है, अथवा जिनक शुद्ध लाभ 5 करोड़ या उससे अधिक रुपए है, को CSR प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय जाँच ब्यूरो (Central Bureau of Investigation-CBI) एक वैधानिक निकाय नहीं है, लेकिन इसे दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से जाँच करने की शक्ति प्राप्त है।

  **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारत की नोडल पुलिस एजेंसी भी है जो इंटरपोल सदस्य देशों (Interpol Member Countries) की ओर से जाँच का समन्वय करती है।
- CBI के स्थापना की अनुशंसा, भ्रष्टाचार की रोकथाम हेतु संथानम समिति (1962-1964) द्वारा की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार, मुख्यमंत्री को राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल नाममात्र की कार्यकारी सत्ता है, लेकिन वास्तविक कार्यकारी सत्ता मुख्यमंत्री के पास होती है।
- एक व्यक्ति जो राज्य विधानमंडल का सदस्य नहीं है, उसे छह महीने के लिये मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, हालाँकि इस समय के तहत उसे राज्य विधानमंडल का सदस्य चुना जाना अनिवार्य है, इसके विफल होने पर वह मुख्यमंत्री नहीं रह जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है। अतः विकल्प B सही है।**

**9.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी।
- यह भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक संस्था है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों में से एक है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

**10.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- IMD, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के साथ संयुक्त रूप से रंग कोड प्रभाव-आधारित हीट वार्निंग जारी करता है।
- ग्रीन - सामान्य दिन
- येलो - गर्मी की चेतावनी
- ऑरेंज - दिन में गंभीर(Severe) गर्मी की चेतावनी
- रेड - दिन में भीषण(Extreme) गर्मी की चेतावनी **अत: विकल्प C सही है।**

**11.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- SLR एक बैंक के शुद्ध माँग और समय देयताओं (NDTL) का अनुपात है जिसे सुरक्षित और आसानी से उपलब्ध परिसंपत्तियों जैसे नकदी, बिना देनदारी वाली सरकारी प्रतिभूतियों और स्वर्ण में बनाए रखा जाना चाहिये। **अत: कथन 1 सही है।**
- SLR, का निर्धारण RBI द्वारा किया जाता है तथा बैंकिंग प्रणाली में तरलता का प्रबंधन करने के लिये अपनी मौद्रिक नीति के हिस्से के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है।
- SLR में परिवर्तन अक्सर बैंकिंग प्रणाली में उन संसाधनों की उपलब्धता को प्रभावित करते हैं जिन्हें निजी क्षेत्र को उधार दिया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1905 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC) के बनारस अधिवेशन की अध्यक्षता गोपाल कृष्ण गोखले ने की थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कॉन्ग्रेस के बनारस अधिवेशन में सरकार के खिलाफ स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक घोषणा हुई।
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस ने वर्ष 1907 में सूरत अधिवेशन के दौरान नरमपंथियों और उग्रवादियों के बीच विभाजन हुआ। **अत: कथन 2 सही है।**

**13.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- MSP वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है, और यह किसानों द्वारा किये गए उत्पादन की लागत के कम से कम डेढ़ गुना की गणना पर आधारित होती है।
- MSP किसी भी फसल हेतु एक "न्यूनतम मूल्य" है जिसे सरकार "समर्थन" की पात्र किसानों के लिये लाभकारी मानती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- MSP की सिफारिश कृषि लागत और मूल्य आयोग द्वारा की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**14.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- मेंटल के प्रमुख घटक तत्त्व सिलिकॉन और मैग्नीशियम हैं और इसलिये इसे सीमा (SIMA) भी कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इस परत का घनत्व भू-पर्पटी (क्रस्ट) से अधिक होता है और यह 3.3-5.4 ग्राम/सेमी. क्यूब के बीच होता है।
- भू-पर्पटी और मेंटल के मध्य असांतत्य को मोहोरोविक असांतत्य या मोहो असांतत्य कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**15.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- खासी लोग पूर्वोत्तर भारत में मेघालय के एक स्थानीय जातीय समूह हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान करती है ताकि इन राज्यों में जनजातीय आबादी के अधिकारों की रक्षा की जा सके।
- यह विशेष प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) के तहत प्रदान किया गया है।
- खासी पहाड़ी स्वायत्त ज़िला परिषद (Khasi Hills Autonomous District Council- KHADC) संविधान की छठी अनुसूची के तहत एक निकाय है। **अतः कथन 2 सही है।**

**16.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- विस्तारवादी मौद्रिक नीति अर्थव्यवस्था में अतिरिक्त धन में वृद्धि करती है, जिससे मुद्रास्फीति के दबाव में वृद्धि होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- एक विस्तारित मौद्रिक नीति ऋण लागत को कम करती है। इस प्रकार एक उपभोक्ता अधिक खर्च करता हैं और व्यवसायों को बड़ा पूंजी निवेश करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।
- चूँकि वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति की तुलना में धन की आपूर्ति में वृद्धि तेज़ी से होती है, मुद्रा की प्रत्येक इकाई का मूल्य कम होता जाता है, जिससे क्रय शक्ति में कमी आती है। अन्य मुद्राओं के सापेक्ष किसी मुद्रा के मूल्य में यह कमी मुद्रा अवमूल्यन के रूप में जानी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**17.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- इनर लाइन परमिट (ILP) राज्य सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक यात्रा दस्तावेज़ है जो सीमित अवधि के लिये संरक्षित क्षेत्र में किसी भारतीय नागरिक को आंतरिक यात्रा की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन संरक्षित राज्यों में बाहर के भारतीय नागरिकों के प्रवेश करने के लिये परमिट प्राप्त करना अनिवार्य है।
- ILP उत्तर-पूर्वी राज्यों में अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम और इन राज्यों के अतिरिक्त लक्षद्वीप (UT) में लागू है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**18.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान दर्जा, वेतन और लाभ का अधिकार प्राप्त हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रपति भारत के केंद्रीय सतर्कता आयुक्त, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, भारत के महान्यायवादी एवं अन्य अधिकारियों को अपने हस्ताक्षर तथा मुहर वाले अधिपत्र के माध्यम से नियुक्त करता है, हालाँकि राष्ट्रपति अन्य प्राधिकारियों को अन्य अधिकारियों की नियुक्ति का उत्तरदायित्व सौंप सकते हैं।
- राष्ट्रपति द्वारा उनके हस्ताक्षर और मुहर के तहत वारंट/अधिपत्र द्वारा नियुक्त अन्य अधिकारी हैं:

- राज्य के राज्यपाल
- राज्य के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सभी सदस्य
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सभी सदस्य
- राष्ट्रपति चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है, लेकिन उनके हस्ताक्षर और मुहर वाले अधिपत्र के बिना। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

19.

उत्तरः C

**व्याख्याः**

- विश्व बैंक ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के माध्यम से अस्तित्त्व में आया। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाल ही में अजय बंगा को विश्व बैंक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- विश्व बैंक के अध्यक्ष का चुनाव कार्यकारी निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

20.

उत्तरः A

**व्याख्याः**

- LPG मुख्य रूप से प्राकृतिक गैस भंडारों से एक निष्कर्षण प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ है क्योंकि यह हवा की तुलना में बहुत अधिक भारी होती है।
- LPG का प्राथमिक घटक प्रोपेन और ब्यूटेन हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

21.

उत्तरः A

**व्याख्याः**

- संविधान ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश का कार्यकाल निर्धारित नहीं किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हालाँकि यह इस संबंध में निम्नलिखित तीन प्रावधान करता है:
- वह 65 वर्ष की आयु तक पद धारण करता है।
- राष्ट्रपति को पत्र लिखकर पद से इस्तीफा दे सकता हैं।
- संसद की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा अपने पद से हटाया जा सकता है।
- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को साबित कदाचार या अक्षमता के आधार पर हटाया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

22.

उत्तरः C

**व्याख्याः**

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन, भत्ते, विशेषाधिकार, छुट्टी और पेंशन समय-समय पर संसद द्वारा निर्धारित की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वह 65 वर्ष की आयु तक पद पर रहता है। सकी आयु के बारे में कोई भी प्रश्न प्राधिकरण द्वारा और संसद द्वारा निर्दिष्ट तरीके से तय किया जाना चाहिये।
- सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश मासिक पेंशन के रूप में अपने अंतिम आहरित वेतन का 50% पाने के हकदार हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त और/या दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों के मध्य मतभेद के मामले में आयोग द्वारा बहुमत से निर्णय लिया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वे छह वर्ष की अवधि के लिये या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो पद धारण करते हैं।
- मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य चुनाव आयुक्तों के पास समान शक्तियाँ हैं तथा वे समान वेतन, भत्ते एवं अन्य अनुलाभ प्राप्त करते हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

24.

उत्तर: C

व्याख्या:

- त्रिपुरा मॉडल के प्रमुख घटकों में  सामाजिक क्षेत्र, विशेष रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अधिक व्यय शामिल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सामाजिक क्षेत्र में निवेश और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के प्रभावी कार्यान्वयन से राज्य में शांति की स्थापना के बाद मानव विकास के उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं।
- त्रिपुरा सरकार और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने त्रिपुरा मानव विकास रिपोर्ट के लिए फाउंडेशन फॉर एग्रेरियन स्टडीज़ (Foundation for Agrarian Studies) की स्थापना की थी। **अत: कथन 2 सही है।**

25.

उत्तर: D

व्याख्या:

- G 20 पर्यावरण एवं जलवायु स्थिरता कार्य समूह (ECSWG) की पहला सम्मेलन सफलतापूर्वक समाप्त हुआ।
- तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को उद्देश्य की दिशा में रचनात्मक रूप से काम करने के लिये सभी G20 राष्ट्र सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने के लिये रुचि और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर रहे हैं:
- भूमि क्षरण को रोकना
- पारिस्थितिकी तंत्र पुनर्जनन और जैव विविधता समृद्धि में वृद्धि
- टिकाऊ और जलवायु-लचीली ब्लू इकॉनमी को बढ़ावा देते हुए संसाधन दक्षता और चक्रीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना **अत: विकल्प D सही है।**

26.

उत्तर: B

व्याख्या:

- म्याँमार वह राष्ट्र है जो उत्तर और उत्तर-पूर्व में चीन, पूर्व में लाओस, दक्षिण-पूर्व में थाईलैंड, दक्षिण तथा दक्षिण पश्चिम में अंडमान सागर एवं बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में बांग्लादेश और उत्तर पश्चिम में भारत से घिरा हुआ है।

नोट :




**अत: विकल्प B सही है।**

**27.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 368 के तहत संसद संविधान के 'मूल ढाँचे' को प्रभावित किये बिना, मौलिक अधिकारों सहित संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन कर सकती है।
- संविधान में संशोधन करने के लिये संसद की सीमित शक्ति संविधान की मूल ढाँचा है जो मिनर्वा मिल्स केस, 1980 के निर्णय से प्रभावित होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- न्यायिक समीक्षा इंदिरा नेहरू गांधी वाद, 1975 में दी गई संविधान की मूल ढाँचा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**28.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रारूप समिति में सात सदस्य थे:

- डॉ बी आर अंबेडकर (अध्यक्ष)
- एन गोपालस्वामी अयंगर
- अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर
- डॉ के एम मुंशी
- सैयद मोहम्मद सादुल्लाह
- एन माधव राव
- टी टी कृष्णामाचारी

**अत: विकल्प B सही है।**

**29 .**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यक आयोग का गठन भारत सरकार द्वारा अक्तूबर 2004 में न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसने दलितों को अनुमति देने की सिफारिश की थी जो अनुसूचित जाति की स्थिति का लाभ उठाने हेतु इस्लाम और ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे।
- रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि अनुसूचित जाति की स्थिति को धर्म से पूरी तरह से हटा दिया जाए और इसे धर्म में अनुसूचित जनजाति की तरह तटस्थ बनाया जाए। **अत: कथन 2 सही है।**

**30.**

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**




नोट :

- भूमध्य सागर के सीमावर्ती देश: अल्बानिया, अल्जीरिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, क्रोएशिया, साइप्रस, मिस्र, फ्राँस , ग्रीस, इज़रायल, इटली, लेबनान, लीबिया, माल्टा, मोनाको, मोंटेनेग्रो, मोरक्को, स्लोवेनिया, स्पेन, सीरिया, ट्यूनीशिया और तुर्किये। **अतः विकल्प D सही है।**

**31.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- BRICS संगठन के रूप में स्थापित नहीं है लेकिन यह पाँच देशों के सर्वोच्च नेतृत्वकर्त्ताओं के मध्य एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संक्षिप्त नाम B-R-I-C-S के अनुसार, सदस्यों के बीच फोरम की अध्यक्षता वार्षिक रूप से बदली जाती है।
- BRICS राष्ट्रों ने फोर्टालेजा घोषणा के माध्यम से नया विकास बैंक बनाया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**32.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organization- SCO)' सचिवालय की आधिकारिक कामकाज़ी भाषा रूसी और चीनी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है।
- आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ का मुकाबला करने हेतु SCO द्वारा क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (Regional Anti-Terrorist Structur- RATS स्थापित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

**33.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

- इसमें चार लोकतंत्र भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- क्वाड के विचार को पहली बार वर्ष 2007 में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने दिया था।
- QUAD का लक्ष्य एक समृद्ध, मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह अधिनियम चुनाव के लिये उम्मीदवारों, पत्रकारों या अखबारों और मीडिया प्रसारण कंपनियों, न्यायाधीशों एवं सरकारी कर्मचारियों, विधायिका तथा राजनीतिक दलों के सदस्यों या उनके पदाधिकारियों और राजनीतिक प्रकृति के संगठनों द्वारा विदेशी धन प्राप्त करने पर प्रतिबंध लगाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसने धन प्राप्त करने के लिये FCRA के तहत 'पंजीकरण' या 'पूर्व अनुमति' प्राप्त करने के आवेदन के लिये व्यक्तियों और संगठनों या गैर सरकारी संगठनों को 45 दिन का समय दिया गया है।
- प्राप्त विदेशी अंशदान जमा करने के लिये संगठनों द्वारा एक अलग खाता बनाए रखने की आवश्यकता है और उस खाते में विदेशी अंशदान के अलावा कोई अन्य धनराशि जमा नहीं की जाएगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या :**

- GST वस्तुओं या सेवाओं की 'आपूर्ति' पर लागू होता है, जबकि पुरानी अवधारणा वस्तुओं के विनिर्माण, बिक्री अथवा सेवाओं के प्रावधान पर लागू होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

**नोट :**

- केंद्रीय GST उस GST को संदर्भित करता है जो केंद्र के द्वारा लगाया जाएगा। जबकि राज्य GST उस GST को संदर्भित करता है जो राज्यों द्वारा लगाया जाएगा।
- उत्पत्ति-आधारित कराधान के वर्तमान सिद्धांत के विपरीत, GST की स्थापना गंतव्य-आधारित उपभोग कराधान की अवधारणा पर की गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- NITI आयोग भारत सरकार के एक कार्यकारी प्रस्ताव द्वारा स्थापित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- गवर्निंग काउंसिल में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, विधानमंडल वाले केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री (यानी दिल्ली, पुदुचेरी एवं जम्मू और कश्मीर) तथा अन्य केंद्रशासित प्रदेश के लेफ्टिनेंट गवर्नर शामिल हैं।
- भारत का प्रधानमंत्री ने NITI आयोग का अध्यक्ष होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सदन का पीठासीन अधिकारी दलबदल से संबंधित किसी भी अयोग्यता का निर्धारण करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह संसद और राज्य विधानसभाओं के सदस्यों को दोषी पाये जाने पर अयोग्य घोषित करता है।
- यह संविधान में संविधान (52वाँ संशोधन) अधिनियम, 1985 द्वारा अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

**38.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में हुआ था।
- इसके तहत वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे साझा हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये वार्षिक रूप से बैठक की जाती है।
- G7 समूह में कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुच्छेद 15 के अनुसार, राज्य किसी भी नागरिक के विरुद्ध केवल धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'भेदभाव' शब्द का अर्थ है 'किसी के संबंध में प्रतिकूल भेद करना' या 'दूसरों से प्रतिकूल रूप से भेद करना'। 'केवल' शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि अन्य आधारों पर भेदभाव निषिद्ध नहीं है।
- यह प्रावधान राज्य और निजी व्यक्तियों दोनों द्वारा भेदभाव पर रोक लगाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- RoDTEP योजना निर्यातकों को एम्बेडेड केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्कों या करों को वापस कर देगी जो अब तक छूट या वापस नहीं किये गए थे अर्थात् ये भारत के निर्यात को नुकसान पहुँचा रहे थे। **अत: कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- इसने मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट फ्रॉम इंडिया स्कीम (MEIS) का स्थान लिया है।
- छूट एक हस्तांतरणीय शुल्क क्रेडिट/इलेक्ट्रॉनिक स्क्रिप (ई-स्क्रिप) के रूप में जारी की जाएगी, जिसे केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) द्वारा एक इलेक्ट्रॉनिक बहीखाता में रखा जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**41.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- हरित हाइड्रोजन, हाइड्रोजन का एक ऐसा प्रकार है जिससे पवन और सौर जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों द्वारा संचालित इलेक्ट्रोलाइज़र का उपयोग करके जल को हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन में विभाजित करके उत्पादित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया जल को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करती है, जिससे उत्पादित हाइड्रोजन का उपयोग स्वच्छ एवं नवीकरणीय ईंधन के रूप में किया जा सकता है।
- हरित हाइड्रोजन संक्रमण कार्यक्रम हेतु रणनीतिक हस्तक्षेप (SIGHT) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की एक उप योजना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**42.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- हरित जलवायु कोष (GCF) एक वित्तीय तंत्र है जो संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC) के तहत स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हरित जलवायु कोष विषयगत फंडिंग विंडो का उपयोग करके विकासशील देशों में परियोजनाओं, कार्यक्रमों, नीतियों और अन्य गतिविधियों का समर्थन करेगा।
- हरित जलवायु कोष कॉनकुन में आयोजित COP-16 में अस्तित्व में आया। **अतः कथन 2 सही है।**

**43.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुख्यमंत्री वास्तविक कार्यकारी प्राधिकारी (De Facto Executive) हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्यपाल नाममात्र की कार्यकारी प्राधिकारी है (विधि सम्मत कार्यपालिका)।
- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति हेतु कोई विशिष्ट प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

**44**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 21 A सुनिश्चित करता है कि राज्य छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा, जैसा कि राज्य निर्धारित कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्रकार यह प्रावधान केवल प्रारंभिक शिक्षा को मूल अधिकार बनाता है न कि उच्च या व्यावसायिक शिक्षा को।
- संविधान (86वाँ संशोधन) अधिनियम, 2002 ने मूल अधिकार के रूप में छह से चौदह वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिये भारत के संविधान में अनुच्छेद 21-A अधिनियमित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

45.

उत्तर : A

व्याख्या :

- भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में ऐसी छह भाषाएँ हैं जिन्हें भारत में 'शास्त्रीय भाषा' का दर्जा प्राप्त है: तमिल (2004 में घोषित), संस्कृत (2005), कन्नड़ (2008), तेलुगू (2008), मलयालम (2013) और ओडिया (2014)।
- सभी शास्त्रीय भाषाएँ संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

- संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्नलिखित 22 भाषाएँ शामिल हैं:
- असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
- अंग्रेज़ी वह भाषा है जो एक राज्य की आधिकारिक भाषा है लेकिन अभी भी भारत के संविधान की 8 वीं अनुसूची में मान्यता प्राप्त नहीं है। **अत: विकल्प D सही है।**

47 .

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसकी घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23 (2025-26 तक) में उत्तरी सीमा पर गाँवों के विकास हेतु की गई है, परिणामस्वरूप चिन्हित सीमावर्ती गाँवों में रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करेगा।
- कार्यक्रम समुदाय आधारित संगठनों, सहकारी समितियों, गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से 'एक गाँव-एक उत्पाद' की अवधारणा पर धारणीय पर्यावरण-कृषि व्यवसायों के विकास को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

- चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश लद्दाखी चांगथांग पठार में स्थित है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सिंधु नदी पूरे संरक्षित क्षेत्र में बहती है, जो भूमि को दो अलग-अलग वर्गों में विभाजित करती है।
- त्सो मोरीरी चांगथांग वन्यजीव अभयारण्य में स्थित है। **अत: कथन 2 सही है।**

49.

उत्तर: D

व्याख्या:

- माना दर्रा, नीति दर्रा और मुलिंग दर्रा उत्तराखंड राज्य में स्थित हैं।
- ज़ोजी ला दर्रा लद्दाख के कारगिल ज़िले में स्थित है, यह केंद्रशासित प्रदेशों लद्दाख और कश्मीर को जोड़ता है। **अत: विकल्प D सही है।**

नोट :

50.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य संकल्प' पर आधारित है, जिसे पंडित नेहरू ने तैयार किया था और जिसे संविधान सभा ने अपनाया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रस्तावना 'संविधान का पहचान पत्र' है।
- डॉ बी. आर. अम्बेडकर ने कहा कि संवैधानिक उपचार का अधिकार, संविधान का दिल और आत्मा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

51.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कूनो राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश में एक राष्ट्रीय उद्यान है, जिसे वर्ष 1981 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था। वर्ष 2018 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया था।
- यह खथियार-गिर उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एशियाई चीता को वर्ष 1952 में भारत में विलुप्त घोषित कर दिया गया था।
- कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से चीतों को पुन: लाया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

52.

उत्तर: D

व्याख्या :

- अन्नामलाई टाइगर रिज़र्व तमिलनाडु के चार टाइगर रिज़र्व में से एक है।
- अन्नामलाई टाइगर रिज़र्व दक्षिणी पश्चिमी घाट का हिस्सा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अन्नामलाई वन्यजीव अभयारण्य को अन्नामलाई टाइगर रिज़र्व के रूप में नामित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत में संघ की कार्यकारिणी में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रिपरिषद और भारत के महान्यायवादी शामिल होते हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

54 .

उत्तर: A

व्याख्या:

- देखो अपना देश पहल का उद्देश्य देश की समृद्ध विरासत और संस्कृति के बारे में नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह पहल नागरिकों को देश के भीतर पर्यटन हेतु भी प्रोत्साहित कर रही है।
- पर्यटन मंत्रालय ने 'देखो अपना देश' पहल शुरू की है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

- H3N2 इन्फ्लुएंज़ा A वायरस का एक उपप्रकार है और कई इन्फ्लूएंजा के प्रकोपों के लिए ज़िम्मेदार रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- फ्लू का टीका H3N2 वायरस की तुलना में H1N1 वायरस और इन्फ्लुएंज़ा B वायरस के कारण होने वाले फ्लू से अधिक सुरक्षा प्रदान करता है।
- पक्षी और स्तनधारी दोनों H3N2 वायरस द्वारा संक्रमण के लिये अतिसंवेदनशील होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

56.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली को पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित और विनियमित किया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 18-65 वर्ष की आयु का भारत का कोई भी नागरिक एनपीएस में शामिल हो सकता है।
- भारतीय प्रवासी नागरिक (OCI) और भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) कार्ड धारक और हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) NPS खाते खोलनेहेतु पात्र नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

57.

उत्तर: D

व्याख्या:

- क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी मुद्रा है जो सुरक्षा हेतु क्रिप्टोग्राफी का उपयोग करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्रिप्टोकरेंसी के कुछ उदाहरणों में बिटकॉइन, एथेरियम और लाइटकॉइन शामिल हैं।
- वित्त मंत्रालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (Prevention of Money Laundering Act- PMLA) 2002 के दायरे में आभासी डिजिटल परिसंपत्ति से जुड़े सभी लेनदेन शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

58.

उत्तर: C

व्याख्या:

- FATF वर्ष 1989 में पेरिस में स्थापित विकसित देशों की G-7 बैठक में स्थापित वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य धन शोधन से निपटने के उपायों की जाँच और विकास करना था।
- FATF प्लेनरी निर्णय लेने वाली संस्था है जो FATF के अध्यक्ष की नियुक्ति करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

59.

उत्तर: D

व्याख्या:

- AUKUS संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड किंगडम के मध्य एक सुरक्षा समझौता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका द्वारा घोषित इस गठबंधन को एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिये एक ऐतिहासिक सुरक्षा समझौते के रूप में देखा जा सकता है, जो चीन का मुकाबला करने के एक प्रयास के रूप में काफी महत्त्वपूर्ण हो सकता है।
- AUKUS सौदे के तहत ऑस्ट्रेलिया एक परमाणु-संचालित लेकिन पारंपरिक रूप से सशस्त्र पनडुब्बियों को प्राप्त करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

60.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**




- इज़रायल मध्य पूर्व में भूमध्य सागर के पूर्वी तट के साथ स्थित एक राष्ट्र है, जिसकी सीमा लेबनान, सीरिया, जॉर्डन और मिस्र से लगती है।

61.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम ने पंचायती राज संस्थान (Panchayati Raj Institution- PRI) को संवैधानिक दर्जा दिया। **अत: कथन 1 सही है।**
- 74वें संशोधन अधिनियम द्वारा विभिन्न स्तरों पर शहरी स्थानीय निकायों (Urban Local Bodies- ULB) को शक्तियों और प्राधिकारों का विकेंद्रीकरण अनिवार्य किया गया था।
- 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 ने एक संवैधानिक इकाई के रूप में नगर पालिकाओं या शहरी स्थानीय सरकार प्रणाली की स्थापना की। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

62.

**उत्तर:A**

**व्याख्या:**

- जब भूगर्भिक तरंगें धरातलीय चट्टानों के साथ परस्पर क्रिया करती हैं, तो तरंगों का एक नया सम्मुच्य उत्पन्न होता है जिसे धरातलीय तरंगें कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- धरातलीय तरंगें भी अनुप्रस्थ तरंगें होती हैं जिनमें कण गति तरंग प्रसार के लंबवत होती है।
- भूगर्भिक तरंगें धरातलीय तरंगों की तुलना में तीव्र होती हैं और इसलिये सिस्मोग्राफ पर सबसे पहले इनका पता लगाया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

63.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- युद्ध, बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के आधार पर राष्ट्रीय आपात की घोषणा की जा सकती है।
- जब 'सशस्त्र विद्रोह' के आधार पर आपातकाल घोषित किया जाता है, तो इसे 'आंतरिक आपातकाल' के रूप में जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- जब राष्ट्रीय आपात की घोषणा 'युद्ध' या बाह्य आक्रमण' के आधार पर की जाती है, तो इसे बाह्य आपातकाल' के रूप में जाना जाता है।
- शब्द 'सशस्त्र विद्रोह' 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा जोड़ा गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

64.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**व्यभिचार:**

- परिचय:
- व्यभिचार को एक विवाहित महिला/पुरुष द्वारा पति या पत्नी के अलावा किसी अन्य साथी के साथ स्वैच्छिक यौन संबंध के रूप में परिभाषित किया गया है।
- IPC की धारा 497:
- कोई भी व्यक्ति जो किसी अन्य व्यक्ति की पत्नी के साथ उस व्यक्ति की सहमति या जानकारी के बिना यौन क्रिया में संलग्न होता है, वह व्यभिचार का अपराध करता है और सज़ा के अधीन है। इस गतिविधि को बलात्कार नहीं कहा जाना चाहिये।
- कानून उस महिला को दंडित नहीं करता है, क्योंकि वह मान कर चलता है कि केवल पुरुष ही एक महिला को यौन क्रिया के लिये फुसला सकता है और यह ऐसे में पति की सहमति के बिना पत्नी के यौन संबंधों के कारण पति को पीड़ित मानता है, जबकि महिला को पति द्वारा किये गए समान कृत्य के संबंध में सुरक्षा प्राप्त नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय सशस्त्र बलों में व्यभिचार:
- जहाँ तक भारतीय सशस्त्र बलों की बात है, सैन्यकर्मी व्यभिचार पर कानून सहित IPC के प्रावधानों के अधीन हैं। इसके अलावा भारतीय सेना की अपनी आचार संहिता और नियम हैं जो व्यभिचार तथा अनैतिक व्यवहार के अन्य रूपों पर रोक लगाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय सशस्त्र बल व्यभिचार के लिये प्रशासनिक कार्रवाई, अनुशासनात्मक कार्रवाई, या कोर्ट-मार्शल सहित कई तरह के दंड दे सकते हैं।
- ऐसे मामलों से निपटने के लिये नियम और प्रक्रियाएँ भारतीय सैन्य न्याय प्रणाली द्वारा स्थापित की जाती हैं।

65.

उत्तर: D

व्याख्या:

**स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ( SBM-G ):**

- परिचय:
- इसे वर्ष 2014 में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज़ प्राप्त करने के प्रयासों में तेज़ी लाने और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के लिये लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस मिशन को राष्ट्रव्यापी अभियान/जनांदोलन के रूप में लागू किया गया था जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच की प्रथा को समाप्त करना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- शीर्ष प्रदर्शनकर्त्ता:
- प्रदर्शन करने वाले शीर्ष पाँच राज्य तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश हैं जिनमे से अधिकतम गाँवों को ODF प्लस घोषित किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

66.

उत्तर : B

व्याख्या:

**राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन**

- परिचय:
- यह ग्रीन हाइड्रोजन के व्यावसायिक उत्पादन को प्रोत्साहित करने और भारत को ईंधन का शुद्ध निर्यातक बनाने का कार्यक्रम है।
- मिशन ग्रीन हाइड्रोजन की मांग, उत्पादन, उपयोग और निर्यात की सुविधा प्रदान करेगा।
- नोडल मंत्रालय:
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उप योजनाएँ:
- ग्रीन हाइड्रोजन संक्रमण कार्यक्रम (SIGHT) के लिये रणनीतिक हस्तक्षेप:
- यह इलेक्ट्रोलाइज़र के घरेलू निर्माण को निधि देगा और ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करेगा।
- ग्रीन हाइड्रोजन हब:
- बड़े पैमाने पर उत्पादन और/या हाइड्रोजन के उपयोग का समर्थन करने में सक्षम राज्यों व क्षेत्रों को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में पहचाना एवं विकसित किया जाएगा।
- उद्देश्य:
- वर्ष 2030 तक भारत में लगभग 125 GW (गीगावाट) की अक्षय ऊर्जा क्षमता को जोड़ने के साथ-साथ प्रति वर्ष कम से कम 5 MMT (मिलियन मीट्रिक टन) की ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का विकास करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका लक्ष्य कुल 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करना है और इससे छह लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है।
- इससे जीवाश्म ईंधन के आयात में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संचयी कमी आएगी और लगभग 50 मीट्रिक टन वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।

नोट :

67.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**पंचायती राज संस्थान (PRI):**

- संविधान के अनुच्छेद 40 में पंचायतों का उल्लेख किया गया है और अनुच्छेद 246 में राज्य विधानमंडल को स्थानीय स्वशासन से संबंधित किसी भी विषय के संबंध में कानून बनाने का अधिकार प्रदान किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जमीनी स्तर पर लोकतंत्र का निर्माण करने के लिये 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से पंचायती राज संस्थान (PRI) का गठन किया गया था और इसे देश में ग्रामीण विकास का कार्य सौंपा गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2010 में मनाया गया था। तब से, भारत में हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - यह दिन 1992 में संविधान के 73वें संशोधन के अधिनियमन का प्रतीक है।
- PRI भारत में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन की एक प्रणाली है।
- स्थानीय स्वशासन ऐसे स्थानीय निकायों द्वारा स्थानीय मामलों का प्रबंधन है जो स्थानीय लोगों द्वारा चुने गए हैं।
- देश भर में पंचायती राज संस्थानों (PRIs) में ई-गवर्नेंस को मज़बूत करने के लिये, पंचायती राज मंत्रालय (MoPR) ने उपयोगकर्त्ता के अनुकूल वेब-आधारित पोर्टल eGramSwaraj लॉन्च किया है।

68.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति 2022**

- परिचय:
  - यह नीति प्रमुख क्षेत्रों जैसे प्रोसेस री-इंजीनियरिंग, डिजिटलीकरण और मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह एक महत्त्वपूर्ण पहल है क्योंकि उच्च लॉजिस्टिक्स लागत अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में घरेलू वस्तुओं की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को प्रभावित करती है।
  - राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति की आवश्यकता महसूस की गई क्योंकि अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत में लॉजिस्टिक्स लागत अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लक्ष्य:
  - वर्ष 2030 तक, लॉजिस्टिक की लागत सकल घरेलू उत्पाद के 14-18% के अपने वर्तमान स्तर से आधे से कम होकर अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं द्वारा अनुशंसित स्तर तक कम होनी चाहिये, जो कि 8% है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और कुछ यूरोपीय देशों जैसे देशों में लॉजिस्टिक लागत-टू-जीडीपी अनुपात काफी कम है।
    - भारत में वर्तमान लागत सकल घरेलू उत्पाद का 16% है।
  - विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते, भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक LPI (लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस इंडेक्स) में शीर्ष 10 में शामिल होना है। भारत का लक्ष्य दक्षिण कोरिया की विकास गति के समकक्ष होना है।
    - वर्ष 2018 में, LPI में भारत का स्थान 44वाँ था।
  - कुशल लॉजिस्टिक पारिस्थितिकी तंत्र को सक्षम करने के लिये डेटा-संचालित निर्णय समर्थन प्रणाली तैयार करना आवश्यक है।
  - इस नीति का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लॉजिस्टिक संबंधी मुद्दे कम से कम हों, निर्यात में कई गुना वृद्धि हो और छोटे उद्योगों तथा उनमें काम करने वाले लोग लाभान्वित हों।

69.

उत्तर: D

व्याख्या:

**G20**

- परिचय:
- G20 का गठन वर्ष 1999 में किया गया था, जो वर्ष 1990 के दशक के उत्तरार्द्ध के वित्तीय संकट का परिणाम था, जिसने विशेष रूप से पूर्वी एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया को प्रभावित किया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है।
- साथ में, G20 देशों में विश्व की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है।
- सदस्य देश:
- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।
- G20 की अध्यक्षता प्रत्येक वर्ष इसके सदस्यों के मध्य में से ही किसी के द्वारा की जाती है एवं अध्यक्ष पद संभालने वाला देश, विगत और अगले अध्यक्ष धारकों के साथ, G20 एजेंडे की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिये 'ट्रोइका' बनाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इटली, इंडोनेशिया और भारत अभी ट्रोइका देश हैं और इंडोनेशिया वर्तमान अध्यक्ष पद पर है।
- जनादेश:
- G20 का कोई स्थायी सचिवालय नहीं है। एजेंडे और काम का समन्वय G20 देशों के प्रतिनिधियों द्वारा किया जाता है, जिन्हें 'शेरपा' के रूप में जाना जाता है, जो केंद्रीय बैंकों के वित्त मंत्रियों और गवर्नरों के साथ मिलकर कार्य करते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- समूह का प्राथमिक जनादेश अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक सहयोग है, जिसमें विश्व भर में भविष्य के वित्तीय संकटों को रोकने पर विशेष जोर दिया गया है।
- यह वैश्विक आर्थिक एजेंडे को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- वर्ष 1999-2008 तक इस मंच ने केंद्रीय बैंक के गवर्नरों और वित्त मंत्रियों के समूह से लेकर राज्यों के प्रमुखों तक को उच्च दर्जा प्रदान किया है।

70.

उत्तर: D

व्याख्या:

- डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) को डेटा गवर्नेंस हेतु विकसित और कुशल ढाँचे के रूप में डिज़ाइन किया गया है। DEPA लोगों को निर्बाध और सुरक्षित रूप से अपने डेटा तक पहुँचने एवं इसे तीसरे पक्ष के संस्थानों के साथ साझा करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- DEPA से जुड़े सुरक्षा और गोपनीयता जैसे कई जोखिम हैं । यदि सहमति प्रबंधन उपकरण को ठीक से लागू या प्रबंधित नहीं किया जाता है, तो इस बात का जोखिम होता है कि व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग या फेरबदल किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार ने DEPA की शुरुआत की, जो सहमति के प्रबंधन हेतु एक उपकरण है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो लोगों को व्यक्तिगत डेटा के लिये उनकी सहमति को प्रबंधित और विनियमित करने की क्षमता प्रदान करता है। संक्षेप में यह लोगों को वह डेटा चुनने की स्वतंत्रता देता है जिसका वे खुलासा करना चाहते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

71.

उत्तर: A

व्याख्या: अंडमान और निकोबार द्वीप समूह रणनीतिक रूप से बंगाल की खाड़ी और मलक्का जलडमरूमध्य के समीप स्थित हैं, जो इसे भारत के सैन्य ठिकानों एवं अभियानों के लिये एक महत्त्वपूर्ण स्थान उपलब्ध कराते हैं। ये द्वीप हिंद महासागर में नौसैनिक गतिविधियों की निगरानी हेतु लुकआउट पॉइंट के रूप में सेवा प्रदान कर इस क्षेत्र में भारत को रणनीतिक लाभ भी प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त यह द्वीप भारत के लिये मत्स्य संसाधनों का एक प्रमुख स्रोत भी हैं। **अत: विकल्प 1 सही है।**

72.

उत्तर: c

व्याख्या:

- अकादमी पुरस्कार, जिसे ऑस्कर के रूप में भी जाना जाता है, अभिनय, निर्देशन, छायांकन, लेखन, संगीत और अन्य तकनीकी पहलुओं सहित फिल्म उद्योग की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये दिया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय सिनेमा ने आज वैश्विक मंच पर गौरव के अपने सबसे बड़े क्षणों में से एक देखा जब द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री के लिये और RRR के गीत 'नट्टू नट्टू' ने सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत के लिये अकादमी पुरस्कार जीता। द एलिफेंट व्हिस्परर्स और RRR (राइज़, रोर, रिवॉल्ट) दोनों ही भारतीय फिल्में हैं, जो भारत एवं भारतीय संस्कृति से जुड़ी कहानियों को कहते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

73.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कोर मुद्रास्फीति खाद्य और ईंधन को छोड़कर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में मुद्रास्फीति को संदर्भित करती है। यह अर्थव्यवस्था में मूल्य दबावों को दर्शाता है और यदि यह मुद्रास्फीति उच्च रहती है, तो इसका मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिये गए मौद्रिक नीति निर्णयों पर प्रभाव पड़ सकता है। **अतः विकल्प C सही है।**

74.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 28 दिसंबर 1953 को अस्तित्त्व में आया और वर्ष 1956 में संसद के एक अधिनियम द्वारा विश्वविद्यालय में शिक्षण, परीक्षा एवं अनुसंधान के मानकों में समन्वय, रखरखाव तथा भारत में विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों (FHEIs) के परिसरों की स्थापना और संचालन के लिये एक वैधानिक निकाय बन गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- संचालन शुरू करने की अनुमति प्रारंभ में दस वर्ष के लिये मान्य होगी, जिसमें FHEI अनुमति समाप्त होने से कम-से-कम एक वर्ष पहले नवीकरण हेतु आवेदन जमा करेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

75.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लोकायुक्त बिना किसी संवैधानिक स्थिति के एक वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 में संघ हेतु लोकपाल और राज्यों के लिये लोकायुक्त की स्थापना का प्रावधान है।
- वे "लोकपाल" के रूप में कार्य करते हैं, कुछ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों और अन्य संबंधित मुद्दों की जाँच करते हैं।
- यह लोक सेवक द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई की जाँच कर सकता है यदि इसे राज्य सरकार द्वारा संदर्भित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

76.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2022 विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की गई थी।
- ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स चार प्रमुख आयामों में लैंगिक समानता की वर्तमान स्थिति और विकास का मूल्यांकन करता है:
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर

- शिक्षा प्राप्ति
- स्वास्थ्य और जीवन रक्षा
- राजनीतिक अधिकारिता **अतः विकल्प B सही है।**

**77.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 14 में कानून के समक्ष समानता, कानून का समान संरक्षण और भेदभाव का निषेध शामिल है।
- भारतीय संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता और सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समान संरक्षण एवं भेदभाव के निषेध की गारंटी देता है। इसका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति, चाहे उसकी जाति, धर्म, लिंग, या कोई अन्य कारक हो, कानून की दृष्टि में समान है और कानून के समान संरक्षण एवं लाभों का हकदार है। **अतः विकल्प D सही है।**

**78.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वास्तविक GDP एक मुद्रास्फीति-समायोजित गणना है जो एक निश्चित वर्ष हेतु देश में निर्मित सभी वस्तुओं और सेवाओं की दर का विश्लेषण करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे स्थापना वर्ष की कीमतों में व्यक्त किया जाता है और इसे निश्चित लागत मूल्य के रूप में संदर्भित किया जाता है।
- यह केवल उत्पादन का विश्लेषण करता है और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से मुक्त है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**79.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात दर्शाता है कि उत्पादन की प्रत्येक अतिरिक्त इकाई का उत्पादन करने के लिये कितने अधिक धन अथवा अन्य संसाधनों की आवश्यकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ICOR की गणना निम्नानुसार की जा सकती है:
    - ICOR = वार्षिक निवेश/जीडीपी में वार्षिक वृद्धि
- निम्न ICOR को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि इससे यह स्पष्ट होता है कि देश का उत्पादन अधिक कुशल तथा सक्षम है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**80.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत का पहला AI-विशिष्ट क्लाउड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जिसे 'ऐरावत' कहा जाता है, नीति आयोग द्वारा जारी किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- AIRAWAT' का अर्थ AI रिसर्च, एनालिटिक्स और नॉलेज एसिमिलेशन प्लेटफॉर्म है।
- AIRAWAT की स्थापना राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता रणनीति (NSAI) द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

81.

उत्तर: C

व्याख्या:

- CDRI की स्थापना के बाद से, 31 देश, 6 अंतर्राष्ट्रीय संगठन और 2 निजी क्षेत्र के संगठन CDRI में सदस्य के रूप में शामिल हुए हैं।
    - 6 अंतर्राष्ट्रीय संगठन: एशियाई विकास बैंक , विश्व बैंक समूह, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर यूएन कार्यालय, यूरोपीय संघ, यूरोपीय निवेश बैंक। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में शुरू किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

82.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसकी घोषणा केंद्रीय बजट 2022-23 (2025-26 तक) में उत्तरी सीमा पर गाँवों के विकास हेतु की गई है।
- यह हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों को शामिल करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- ज़िला प्रशासन ग्राम पंचायतों के सहयोग से वाइब्रेंट विलेज एक्शन प्लान बनाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

83.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अब्राहम समझौता इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सूडान और मोरक्को के बीच हस्ताक्षरित समझौतों की एक शृंखला है। इन समझौतों का उद्देश्य इसके सदस्य देशों के बीच राजनयिक और आर्थिक संबंधों को सामान्यीकृत करना है।

84.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही पद से हटाया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सभी राजनीतिक दलों के लिये प्रति उम्मीदवार प्रचार खर्च की सीमा तय करता है और उसकी निगरानी भी करता है।
- चुनाव के बाद संसद और राज्य विधानसभाओं के मौजूदा सदस्यों की अयोग्यता के संबंध में आयोग के पास सलाहकार प्राधिकरण भी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

85.

उत्तर: A

व्याख्या:

- राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिये स्वीकृत, अस्वीकृत और आरक्षित कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल कुछ परिस्थितियों में अध्यादेश ज़ारी कर सकता है।
- राज्यपाल राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है और वह अपने मंत्रिपरिषद् (CoM) से परामर्श लेने के लिये बाध्य होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

86.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय संविधान की संघीय विशेषता:
- दोहरी सरकार राजनीति
- विभिन्न स्तरों के बीच शक्तियों का विभाजन
- संविधान की कठोरता
- स्वतंत्रता न्यायपालिका
- दोहरी नागरिकता
- द्विसदन
- एकल संविधान, भारतीय संविधान की एकात्मक विशेषता है। **अत: विकल्प B सही है।**

87.

उत्तर: D

व्याख्या:

- STEM चार विशिष्ट विषयों: विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में छात्रों को शिक्षित करने पर आधारित एक पाठ्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत उन देशों में से एक है जहाँ से सबसे अधिक संख्या में वैज्ञानिक और इंजीनियर उभर रहे हैं।
- STEM एक्रोनिम संयुक्त राज्य नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) में वैज्ञानिक प्रशासकों द्वारा वर्ष 2001 में प्रस्तुत किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

88.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लैंडफिल में अधिकांश दुर्गंध के लिये अमोनिया और हाइड्रोजन सल्फाइड को ज़िम्मेदार ठहराया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन विलेयकों में, कीटनाशक और अन्य रसायन शामिल हैं जो भूजल में रिस सकते हैं और आस-पास के जल स्रोतों को दूषित कर सकते हैं।
- लैंडफिल के माध्यम से उत्पन्न लीचेट्स में सीसा, कैडमियम, पारा और आर्सेनिक जैसे अनेकों प्रदूषक हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

89.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पंचायती राज चुनाव मुख्य निर्वाचन आयुक्त के परामर्श से राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा आयोजित और संचालित किये जाते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी (Chief Electoral Officer- CEO) राज्य की मतदाता सूची तैयार करने, संशोधन और रखरखाव के प्रभारी हैं।
- राज्य सरकार/केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन के परामर्श से भारत निर्वाचन आयोग राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकार के एक अधिकारी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

90.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS) के लिये समन्वय तथा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (IIPS) मुंबई को नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NFHS-5 के आँकड़े के अनुसार वर्ष 2019-2021 में देश में प्रति 1000 पुरुषों पर 1,020 महिलाएँ थीं।
- NFHS के विभिन्न दौरों के लिये वितीय सुविधा USAID, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, यूनिसेफ, UNFPA और MoHFW (भारत सरकार) द्वारा प्रदान की गई है। **अतः कथन 2 सही है।**

91.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- हॉर्न ऑफ अफ्रीका लाल सागर की दक्षिणी सीमा के साथ स्थित है और गार्डाफुई चैनल, अदन की खाड़ी एवं हिंद महासागर तक फैला हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हॉर्न में इथियोपियन पठार, ओगाडेन रेगिस्तान एवं इरीट्रिया और सोमालियाई तटों के हाइलैंड्स जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं।
- हॉर्न ऑफ अफ्रीका ज़िबूती, इरिट्रिया, इथियोपिया और सोमालिया के देशों वाले क्षेत्र को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही है।**




नोट :

92.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- यह किसी सदस्य द्वारा तब प्रस्तुत किया जाता है जब उसे लगता है कि किसी मंत्री ने किसी मामले के तथ्यों को रोककर या गलत या विकृत तथ्य देकर सदन या उसके एक या अधिक सदस्यों के विशेषाधिकार का उल्लंघन किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'विशेषाधिकार' शब्द का अर्थ संसद के प्रत्येक सदन द्वारा प्राप्त कुछ अधिकारों और उन्मुक्तियों से है।
- यह प्रस्ताव लोक सभा और राज्य सभा दोनों के सदस्यों पर लागू होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

93.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान की IV अनुसूची राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राज्यसभा में सीटों के आवंटन से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्य सभा उच्च सदन या द्वितीय सदन या हाउस ऑफ एल्डर है एवं यह भारतीय संघ के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करती है।
- केवल तीन केंद्रशासित प्रदेशों दिल्ली, पुदुचेरी और जम्मू-कश्मीर का राज्यसभा में प्रतिनिधित्व है क्योंकि अन्य केंद्रशासित प्रदेशों के पास पर्याप्त आबादी नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**

94.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- निजी क्षेत्र के भागीदार को परियोजना के लिये वित्त का प्रबंध करना होता है और इसके निर्माण तथा रख-रखाव की ज़िम्मेदारी लेनी होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (BOT) एक पारंपरिक PPP मॉडल है जिसमें एक निजी भागीदार डिज़ाइन, निर्माण, संचालन और इस सुविधा को सार्वजनिक क्षेत्र हेतु सुलभ कराने हेतु उत्तरदायी होता है।
- सार्वजनिक क्षेत्र निजी क्षेत्र के भागीदार को उपयोगकर्त्ताओं से राजस्व एकत्र करने की अनुमति प्रदान करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**

95.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ऑस्कर फिल्म क्षेत्र को दिये जाने वाले पुरस्कार हैं। उन्हें एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज़ द्वारा सम्मानित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज़ की स्थापना वर्ष 1927 में हुई थी।
- सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र लघु फिल्म का ऑस्कर भारत की "द एलिफेंट व्हिस्परर्स" को मिला। **अत: कथन 2 सही है।**

96.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सदन में विशेषाधिकार हनन का प्रश्न उठाने हेतु सभापति की सहमति आवश्यक है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- संविधान की 10वीं अनुसूची सभापति को दल-बदल के आधार पर राज्य सभा के सदस्य की अयोग्यता के प्रश्न का निर्धारण करने का अधिकार देती है।
- राज्यसभा के सभापति को पद से तभी हटाया जा सकता है जब उसे भारत के उपराष्ट्रपति पद से हटा दिया जाए। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

97.

उत्तर: C

व्याख्या:

- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्त भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के बाद राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संविधान द्वारा उच्च न्यायालय को प्रदान किये गए अधिकार क्षेत्र और शक्तियों को संसद अथवा राज्य विधानमंडल द्वारा निम्नीकृत नहीं किया जा सकता है।
- उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र और शक्तियों में बदलाव संसद तथा राज्य विधानमंडल दोनों द्वारा किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

98.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राज्य किसी भी धर्म या धार्मिक संस्था के प्रचार और रख-रखाव हेतु लोगों को कर देने के लिये बाध्य नहीं कर सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्य को धार्मिक गतिविधियों से जुड़ी किसी भी आर्थिक, वित्तीय, राजनीतिक या अन्य धर्मनिरपेक्ष गतिविधि को विनियमित या प्रतिबंधित करने की अनुमति है।
- अनुच्छेद 28 के अनुसार, जो शैक्षणिक संस्थान राज्य के वित्त पोषण प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें धार्मिक निर्देशों का पालन करने की अनुमति नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**

99.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्रीय सूचना आयोग की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अत:, कथन 1 सही है।**
- आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है, जिसमें:
- प्रधानमंत्री समिति के अध्यक्ष होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
- लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होंगे।
- प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री होंगे।

100.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संविधान के अधिकार का स्रोत: प्रस्तावना में कहा गया है कि संविधान भारत के लोगों से अपना अधिकार प्राप्त करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 15 अगस्त, 1928 की नेहरू रिपोर्ट भारत के संविधान हेतु एक नए प्रभुत्त्व की स्थिति और संघीय सरकार संरचना का अनुरोध करने वाला ज्ञापन था। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना वस्तुनिष्ठ संकल्प पर आधारित है।

नोट :

101.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतीय संविधान संसद को राज्यों की सहमति के बिना नए राज्य बनाने अथवा मौजूदा राज्यों के क्षेत्रों, सीमाओं या नामों को बदलने के लिये अधिकृत करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 7वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1956 के तहत भारत में सामान्य हित के मामलों पर सलाह देने के लिये क्षेत्रीय परिषदों का निर्माण किया गया।
- भारत और अन्य देश के बीच सीमा विवाद के निपटारे के लिये अनुच्छेद 368 के तहत संवैधानिक संशोधन की आवश्यकता नहीं होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

102.

उत्तर: B

व्याख्या:

- G-20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष बारी-बारी से एक देश की अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है और वर्ष 2023 में भारत इसकी अध्यक्षता करेगा।
- समूह के पास एक स्थायी सचिवालय नहीं है और इसे अध्यक्ष पद के पिछले, वर्तमान और भविष्य के धारकों द्वारा समर्थित किया जाता है, जिसे ट्रोइका के रूप में जाना जाता है।
- वर्ष 2023 में ट्रोइका में इंडोनेशिया, भारत और ब्राज़ील शामिल हैं।

103.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धांत का अर्थ है कि लोकसभा अविश्वास प्रस्ताव पारित करके मंत्रालय (अर्थात प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिपरिषद) को हटा सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मंत्रीगण सामान्य रूप से संसद के प्रति और विशेष रूप से लोकसभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होते हैं।
- मंत्रीगण विधायिका और कार्यपालिका दोनों के सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका अर्थ यह है कि कोई व्यक्ति संसद का सदस्य हुए बिना मंत्री नहीं बन सकता है।

104.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सरकारिया आयोग (1983) की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा राज्य स्वायत्तता के लिये आंदोलन के जवाब में केंद्र-राज्य संबंधों के संदर्भ में सिफारिशें करने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्र की शक्तियों को कम करने का विचार इस आयोग द्वारा सख्ती से खारिज़ कर दिया गया। इसके अनुसार अखंडता और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने के लिये एक मज़बूत केंद्र का होना आवश्यक है।
- सरकारिया आयोग ने राज्यों के बीच किसी भी मुद्दे को हल करने के लिये एक स्थायी अंतर-राज्यीय परिषद स्थापित करने की सिफारिश की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

105.

उत्तर: A

व्याख्या:

- G7 एक अंतर सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में हुआ था।
- G7 का औपचारिक चार्टर या सचिवालय नहीं है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सभी G7 देश और भारत G20 का सदस्य हैं।
- वर्ष 2021 के संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (UNFCCC COP26) में भारत के प्रधानमंत्री ने वैश्विक जलवायु कार्यवाही सम्मलेन में मिशन LiFE की घोषणा की। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

106.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सीमांत स्थायी सुविधा (Marginal Standing Facility- MSF) अनुसूचित बैंकों हेतु आपातकालीन स्थिति में RBI से रातोंरात उधार लेने की सुविधा है जब इंटरबैंक तरलता पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्थायी जमा सुविधा (Standing Deposit Facility- SDF) एक तरलता सुविधा है, जिसके माध्यम से RBI बैंकों को अतिरिक्त तरलता सुविधा हेतु विकल्प देता है।
- सांविधिक तरलता अनुपात (Statutory Liquidity Ratio- SLR) जमा का न्यूनतम प्रतिशत जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को तरल नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

107

उत्तर: D

व्याख्या:

- हम्पी साइट में मुख्य रूप से अंतिम विशाल हिंदू साम्राज्य, विजयनगर साम्राज्य (14वीं-16वीं शताब्दी सीई) की राजधानी शहर के अवशेष शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- हम्पी में मंदिरों की अनूठी विशेषताओं में से एक स्तंभों वाले मंडपों की कतार स्वरुप विस्तृत रथ सड़कें हैं।
- विरुपापुरा गद्दी तुंगभद्रा नदी द्वारा निर्मित और हम्पी के पश्चिम में स्थित एक वृत्ताकार द्वीप है। **अत: कथन 2 सही है।**

108.

उत्तर: A

व्याख्या:

- स्टैगफ्लेशन को अर्थव्यवस्था में एक ऐसी स्थिति के रूप में वर्णित किया गया है जहाँ विकास दर धीमी हो जाती है, बेरोज़गारी का स्तर लगातार उच्च बना रहता है एवं साथ में मुद्रास्फीति या मूल्य स्तर में वृद्धि विद्मान रहती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- स्टैगफ्लेशन सरकार की खराब आर्थिक नीति का परिणाम हो सकता है।
- सप्लाई शॉक थ्योरी के अनुसार, स्टैगफ्लेशन तब होता है जब किसी अर्थव्यवस्था को किसी वस्तु या सेवा (सप्लाई शॉक) की आपूर्ति में अचानक कमी का सामना करना पड़ता है, जैसे कि कच्चा तेल। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

109

उत्तर: B

व्याख्या:

- पीले रंग के बिन का उपयोग संरचनात्मक अपशिष्ट, रासायनिक अपशिष्ट, गंदे अपशिष्ट, कीमोथेरेपी अपशिष्ट, त्यागे गए लिनन कपड़े और दवाओं एवं प्रयोगशाला अपशिष्ट हेतु किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- लाल रंग के बिन का उपयोग दूषित प्लास्टिक अपशिष्ट हेतु किया जाता है।
- नीले रंग के बिन का उपयोग काँच के अपशिष्ट और धातु के प्रत्यारोपण हेतु किया जाता है।
- काले रंग के बिन का उपयोग खतरनाक और अन्य अपशिष्ट हेतु किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

110.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- किसी राज्य की विधान सभा के सदन का सदस्य राज्य की विधान सभा के अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 84वें संशोधन अधिनियम, 2001 ने सरकार को वर्ष 1991 की जनगणना के जनसंख्या आँकड़ों के आधार पर राज्य में क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्समायोजन और युक्तिकरण का कार्य करने का अधिकार प्रदान किया।
- बाद में 2003 के 87वें संशोधन अधिनियम में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रावधान 2001 की जनगणना के आधार पर किया गया न कि वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर। **अत: कथन 2 सही है।**

111.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र को वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष (IYOM) घोषित करने का सुझाव दिया था।
- इस हेतु भारत को 72 अन्य देशों का समर्थन प्राप्त हुआ, 5 मार्च 2021 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारतीय मोटा अनाज पौष्टिक रूप से गेंहूँ और चावल से बेहतर है क्योंकि वे प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होते हैं।
- वे ग्लूटेन मुक्त होते हैं और इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जो सीलिएक रोग से ग्रसित लोगों के लिये लाभकारी होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

112.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री जीवाणु के कारण होने वाला एक पुराना, प्रगतिशील जीवाणु संक्रमण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह मुख्य रूप से हाथ पैरों की नसों, त्वचा, नाक की परत और ऊपरी श्वसन पथ को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग को हैनसेन रोग भी कहा जाता है।
- राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम (NLEP) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) की अंतर्गत केंद्र प्रायोजित योजना है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

113.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मानव विकास सूचकांक, या HDI, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा संकलित एक माप है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- UNDP वार्षिक तौर पर 5 समग्र सूचकांकों के साथ HDR जारी करता है:
- मानव विकास सूचकांक
- असमानता-समायोजित मानव विकास सूचकांक
- लैंगिक विकास सूचकांक

नोट :

- लैंगिक असमानता सूचकांक, **अतः कथन 2 सही है.**
- बहुआयामी गरीबी सूचकांक

114

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सकल राष्ट्रीय आय (Gross national income- GNI) धन के माप के रूप में सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product- GDP) का एक विकल्प है। यह उत्पादन के स्थान पर आय की गणना करता है।
- सकल राष्ट्रीय आय की गणना सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के साथ-साथ प्रवासियों द्वारा भेजे गए इनबाउंड रेमिटेंस और देश में रहने वाले विदेशी निवासियों द्वारा अर्जित कुल राजस्व को घटाकर की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी व्यापार उपस्थिति या विदेशी सहायता वाले देशों में GNI और GDPमें बड़ा अंतर होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

115.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रधान मंत्री आवास योजना- शहरी (PMAY-U) EWS/LIG और MIG श्रेणियों के बीच शहरी आवास की कमी की समस्या का निपटान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (PMAY-U), एक प्रमुख योजना है जिसका कार्यान्वयन भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA) द्वारा किया जा रहा है।
- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (PMAY-U) के तहत एक उप-योजना, अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHC) की शुरुआत की है। **अतः कथन 2 सही है।**

116.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वन रैंक वन पेंशन का अर्थ सैन्य अधिकारियों को समान रैंक के लिये, समान सेवा अवधि के लिये, समान पेंशन का भुगतान है, भले ही उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि कुछ भी हो। **अतः कथन 1 सही है।**
- उत्तर प्रदेश और पंजाब में OROP लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है।
- योजना का कार्यान्वयन भगत सिंह कोश्यारी की अध्यक्षता में गठित 10 सदस्यीय सर्वदलीय संसदीय पैनल कोश्यारी समिति की सिफारिश पर आधारित था। **अतः कथन 2 सही है।**

117.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO) ने आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने हेतु क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना (Regional Anti-Terrorist Structure- RATS) की स्थापना की। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2001 में संगठन में उज़्बेकिस्तान के शामिल होने के बाद शंघाई फाइव का नाम बदलकर SCO कर दिया गया था।
- SCO सचिवालय की आधिकारिक कामकाज़ी भाषा रूसी और चीनी है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

118.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शिमला समझौते, जिसे शिमला सहमति के रूप में भी जाना जाता है, पर हिमाचल प्रदेश के शिमला में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच हस्ताक्षर किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस समझौते ने लोगों से लोगों के संपर्क के महत्त्व पर ज़ोर दिया, यह सहकारी संबंधों की नींव बनाने के लिये आवश्यक था।
- यह समझौता मुख्य रूप से बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के बाद तीन देशों में हुए युद्धबंदियों और नागरिकों के प्रत्यावर्तन पर केंद्रित था। **अत: कथन 2 सही है।**

119.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत के महान्यायवादी के पद को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 76 के तहत वर्णित किया गया है।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके हस्ताक्षर और मुहर के तहत वारंट द्वारा नियुक्त किया जाता है:
- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (SC) के अध्यक्ष और सदस्य
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (ST) के अध्यक्ष और सदस्य
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (BC) के अध्यक्ष और सदस्य
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG)
- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के अध्यक्ष और सदस्य
- राज्यों के राज्यपाल
- सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश
- भारत के महान्यायवादी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत का महान्यायवादी (AG) संघ की कार्यकारिणी का एक हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

120.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मंदी में आम तौर पर कम से कम दो लगातार तिमाहियों के लिये एक अर्थव्यवस्था में समग्र उत्पादन शामिल होता है, साथ ही नौकरी के नुकसान एवं समग्र मांग में कमी होती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यील्ड व्युत्क्रमण वक्र दिखाता है कि लंबी अवधि की ब्याज दरें अल्पकालिक ब्याज दरों से कम हैं।
- यील्ड व्युत्क्रमण लंबे समय से मंदी का एक विश्वसनीय भविष्यवक्ता रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**

121

उत्तर: D

व्याख्या:

- मालाबार अभ्यास एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसे वर्ष 1992 में शुरू किया गया था। यह भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेनाओं के मध्य द्विपक्षीय अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था।
- जापान और ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार वर्ष 2007 में भाग लिया था और वर्ष 2014 से भारत, अमेरिका और जापान प्रत्येक वर्ष अभ्यास में शामिल होते है।
- वर्ष 2020 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन को घेरने के लिये भारत के अनुरोध पर ऑस्ट्रेलिया मालाबार अभ्यास में शामिल हुआ।

नोट :

- एक दशक से अधिक समय में पहली बार मालाबार 2020 में सभी चार क्वाड सदस्यों की भागीदारी देखी गई। क्वाड के ढाँचे के भीतर यह पहला संयुक्त समुद्री अभ्यास है। **अतः विकल्प D सही है।**

122.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अनुच्छेद 17 के अनुसार "अस्पृश्यता" को समाप्त कर दिया गया है और किसी भी रूप में इसका अभ्यास प्रतिबंधित है।
- यह न केवल सरकार बल्कि निजी व्यक्तियों के विरुद्ध भी सुरक्षा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- "अस्पृश्यता" की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है और इसका किसी भी रूप में उपयोग निषिद्ध है।
- "अस्पृश्यता" से उत्पन्न होने वाली किसी भी अयोग्यता का प्रवर्तन कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा। **अतः कथन 2 सही है।**

123.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1988 में विश्व मौसम विज्ञान संगठन और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC) की स्थापना की गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- IPCC में 195 सदस्य देश शामिल हैं और यह विश्वभर के वैज्ञानिकों को एक साथ लाता है जो स्वेच्छा से इस कार्य में योगदान करते हैं।
- IPCC मूल शोध नहीं करता है। इसके बजाय, सैकड़ों वैज्ञानिक उपलब्ध वैज्ञानिक अनुसंधान की जाँच करते हैं और व्यापक मूल्यांकन रिपोर्ट में इसे सारांशित करते हैं।
- अक्तूबर 2021 तक देशों द्वारा घोषित NDC को जोड़ने पर, IPCC ने पाया कि यह संभावना है कि इस सदी में वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाएगा, जिससे पेरिस समझौते का जनादेश विफल हो जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

124.

उत्तर: A

व्याख्या:

- लघुकरण सज़ा के कम गंभीर रूप हेतु सज़ा के प्रतिस्थापन को संदर्भित करता है। उदाहरण के लिये मृत्युदंड को कठोर कारावास में बदला जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- परिहार का अर्थ है सज़ा की अवधि को उसके चरित्र को बदले बिना कम करना। उदाहरण के लिये पाँच वर्ष के कठोर कारावास की सज़ा को एक वर्ष के कठोर कारावास में बदला जा सकता है।
- प्रविलंबन एक अस्थायी अवधि हेतु सज़ा (विशेष रूप से मृत्युदंड) निष्पादन के निलंबन को संदर्भित करता है। इसका उद्देश्य अपराधी को राष्ट्रपति से क्षमादान या लघुकरण हेतु याचिका दायर करने के लिये पर्याप्त समय प्रदान करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

125.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 102वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2018 के तहत राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- NCBC पहले सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय था।
- वर्ष 1992 के इंदिरा साहनी मामले के कारण राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) की स्थापना की गई। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

126.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- ग्रीनहाउस गैसें:
- कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), हेलोकार्बन और $SF_6$, आणविक हाइड्रोजन ($H_2$), हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs), परफ्लोरोकार्बन (PFCs), सल्फर हेक्साफ्लोराइड ($SF_6$), नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड ($NF_3$) आदि.
- कार्बन मोनोऑक्साइड एक ग्रीनहाउस गैस नहीं है। **अत: विकल्प C सही है।**

127.

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- क्षय रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु के कारण होता है, जो माइकोबैक्टीरियासी परिवार से संबंधित होता है जिसमें लगभग 200 प्रकार के जीवाणु शामिल हैं।
- जीवाणु आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करते हैं, लेकिन क्षय रोग के जीवाणु शरीर के किसी भी हिस्से जैसे गुर्दे, रीढ़ और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- माइकोबैक्टीरियम बोविस के एक स्ट्रेन को संशोधित करके दो फ्राँसीसी, अल्बर्ट कैलमेट एवं केमिली गुएरिन द्वारा BCG वैक्सीन को विकसित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

128

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- विश्व बैंक प्रतिवर्ष विश्व विकास रिपोर्ट (WDR) प्रकाशित करता है।
- यह वर्ष 1978 से प्रकाशित होता है। **अत: विकल्प B सही है।**

129.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन मानव, पशुओं और वन्यजीवों में बीमारियों की प्रभावी जाँच और नियंत्रण के लिये विश्वसनीय प्रकोप निगरानी प्रक्रियाएँ और सहयोगी जाँच के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य मानव और पशु दोनों क्षेत्रों की प्राथमिकता वाली बीमारियों के खिलाफ समग्र महामारी की तैयारी और एकीकृत रोग नियंत्रण हेतु समन्वित प्रयास करना है, जिसमें एकीकृत निगरानी प्रणाली पर निर्मित प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली तथा स्थानिक के साथ-साथ उभरते हुए महामारी के खतरे के लिये प्रतिक्रिया तत्परता शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**

130.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भगत सिंह ने वर्ष 1926 में नौजवान भारत सभा की स्थापना की। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1923 में भगत सिंह नेशनल कॉलेज, लाहौर में शामिल हो गए, जिसकी स्थापना और प्रबंधन लाला लाजपत राय एवं भाई परमानंद द्वारा किया गया था।
- जेल में रहने के दौरान भगत सिंह ने 'मैं नास्तिक क्यों हूँ' पुस्तक लिखी थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- 1924 में कानपुर में वह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य बने, जिसे एक वर्ष पहले शचींद्रनाथ सान्याल ने शुरू किया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**नोट :**

131.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 'पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority-PFRDA)' पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 2013 के तहत स्थापित एक वैधानिक नियामक निकाय है।
- इसकी स्थापना राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ( National Pension System- NPS) की नियमन और भारत के पेंशन क्षेत्र को विनियमित करने हेतु की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने एक गारंटीकृत प्रतिफल योजना, न्यूनतम सुनिश्चित प्रतिफल योजना (Minimum Assured Return Scheme- MARS) प्रस्तावित की है, जो बचतकर्त्ताओं एवं वेतनभोगी वर्ग के लोगों को उनके निवेश हेतु एक विकल्प प्रदान करेगी। **अतः कथन 2 सही है।**
- पेंशन नियामक की यह पहली योजना होगी जो निवेशकों को गारंटीकृत प्रतिफल देगी।

132.

उत्तर: D

व्याख्या:

- जनमत संग्रह प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एक रूप है जिसमें नागरिकों को उनकी ओर से निर्णय लेने के लिये प्रतिनिधियों को चुनने के बजाय किसी विशेष मुद्दे अथवा प्रस्ताव पर प्रत्यक्ष रूप से वोट देने के लिये कहा जाता है।
- अनिवार्य जनमत संग्रह, जनमत संग्रह का एक प्रकार है जिमसे किसी विशेष मुद्दे अथवा प्रस्ताव पर कानून द्वारा लोगों से वोट कराया जाना चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका मतलब यह है कि सरकार अथवा विधायी निकाय को किसी विशेष मुद्दे पर जनमत संग्रह कराने की आवश्यकता होती है, चाहे उनकी व्यक्तिगत राय या राजनीतिक स्थिति कुछ भी हो।
- वैकल्पिक जनमत संग्रह को गैर-बाध्यकारी जनमत संग्रह के रूप में भी जाना जाता है जिसके परिणाम कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

133.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय पशु कल्याण बोर्ड (AWBI) की स्थापना पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम का विधायी उद्देश्य "पशुओं को अनावश्यक कष्ट या पीड़ा से रोकना" है।
- पशुओं के प्रति क्रूरता रोकथाम नियम, 2017 मजिस्ट्रेट को, अधिनियम के तहत दोषी ठहराए गए मालिक के मवेशियों को ज़ब्त करने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ऐसी स्थिति में पशुओं को चिकित्सालय, पशु आश्रय आदि जगहों पर भेज दिया जाता है।

134.

उत्तर: D

व्याख्या:

- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण अभिसमय है जिसका उद्देश्य पृथ्वी की जलवायु प्रणाली के साथ खतरनाक मानवजनित हस्तक्षेप को रोकने के लिये ग्रीनहाउस गैसों की वायुमंडलीय सांद्रता को कम करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC), जिसे आमतौर पर पृथ्वी शिखर सम्मेलन, रियो शिखर सम्मेलन या रियो सम्मेलन के रूप में जाना जाता है, को वर्ष 1992 में अनुमोदित किया गया था।

The Vision

नोट :

- कार्यान्वयन के लिये सहायक निकाय (SBI) तथा वैज्ञानिक एवं तकनीकी सलाह के लिये सहायक निकाय (SBSTA) दो स्थायी सहायक संगठन (SB) हैं जो अभिसमय बनाते हैं। ये समूह COP को सलाह देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**135.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- प्रथम न्यायाधीश मामले (1982) में न्यायालय ने कहा कि परामर्श का अर्थ सहमति नहीं है और इसका अर्थ सिर्फ विचारों के आदान-प्रदान से है।
- द्वितीय न्यायाधीश मामले (1993) में न्यायालय ने अपने पहले फैसले को पलट दिया और परामर्श शब्द का अर्थ सहमति के रूप में परिवर्तित कर दिया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- तृतीय न्यायाधीशों के मामले (1998) में न्यायालय ने कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपनाई जाने वाली परामर्श प्रक्रिया के लिये 'न्यायाधीशों के सम्मिलित परामर्श' की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**136.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पल्मोनरी तपेदिक एक पुराना क्षय रोग है, किंतु यह निमोनिया के घातक रूप में हो सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- निमोनिया से फेफड़े में सूजन की स्थिति हो सकती है जो मुख्य रूप से वायु थैली को प्रभावित करती है जिसे एल्वियोली के रूप में जाना जाता है।
- कार्ट्रिज बेस्ड न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट (CBNAAT) का उपयोग मल्टीड्रग रेजिस्टेंस ट्यूबरकुलोसिस (MDR-TB) के शुरुआती निदान के लिये किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- MDR-तपेदिक, बैक्टीरिया जो क्षय रोग का कारण बनते हैं, रोग को ठीक करने के लिये उपयोग की जाने वाली रोगाणुरोधी दवाओं के लिये प्रतिरोध विकसित करते हैं।

**137.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- विनयपिटक में भिक्षुओं और भिक्षुणियों के मठवासी जीवन पर लागू आचरण और अनुशासन के नियम शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अभिधम्मपिटक में भिक्षुओं के एक दार्शनिक विश्लेषण और शिक्षाओं का व्यवस्थित संकलन शामिल है।
- सुत्तपिटक में बुद्ध के मुख्य शिक्षाएँ या धम्म शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**138.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में निम्नलिखित शामिल हैं:
- अपने विचारों के साथ-साथ दूसरों के विचारों का प्रचार करने का अधिकार।
- पत्रकारिता की स्वतंत्रता।
- वाणिज्यिक विज्ञापनों की स्वतंत्रता।
- टेलीफोन पर हुई बातचीत को टैप करने के खिलाफ अधिकार।
- प्रसारण का अधिकार अर्थात इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर सरकार का कोई एकाधिकार नहीं है।

- राजनीतिक दल या संगठन द्वारा बुलाए गए बंद के खिलाफ अधिकार।
- सरकारी गतिविधियों के बारे में जानने का अधिकार।
- मौन की स्वतंत्रता।
- अखबार पर प्री-सेंसरशिप लगाने के खिलाफ अधिकार।
- प्रदर्शन या धरना देने का अधिकार लेकिन हड़ताल करने का अधिकार नहीं। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्य निम्नलिखित आधारों पर वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग पर उचित प्रतिबंध लगा सकता है:
- भारत की संप्रभुता और अखंडता
- राज्य की सुरक्षा
- विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध
- सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टता या नैतिकता
- न्यायालय की अवमानना
- मानहानि, **अतः कथन 2 सही है।**
- किसी अपराध हेतु उकसाना

**139.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- पुनर्संयोजन एक जैविक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से दो या दो से अधिक DNA अणुओं अथवा गुणसूत्रों के बीच आनुवंशिक सामग्री का आदान-प्रदान होता है।
- यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा DNA स्ट्रेंड्स को विभाजित किया जाता है और उनकी मरम्मत की जाती है, जिससे एलील्स के नए संयोजन बनते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुवांशिक घटकों को संशोधित करने और पुनर्संयोजन की प्रक्रिया में वांछित विशेषताओं/गुणों को प्राप्त करने के लिये पशुओं और पौधों की कोशिकाओं में वांछित जीन संयोजित करने के लिये पारगमन का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**140.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को कार्यकाल की सुरक्षा प्रदान की जाती है।
- उन्हें राष्ट्रपति द्वारा केवल संविधान में उल्लिखित विधियों के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। इसका अर्थ यह है कि वे राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपने पद पर नहीं रहते, यद्यपि वे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- न्यायाधीशों के वेतन एवं भत्ते, कर्मचारियों के वेतन, भत्ते एवं पेंशन के साथ-साथ उच्च न्यायालय के प्रशासनिक व्यय को राज्य की संचित निधि पर भारित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**141.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सूचना प्रसारण मंत्रालय और मंत्रालय द्वारा गठित अंतर-विभागीय समिति तृतीय-स्तरीय निगरानी तंत्र का गठन करती है।
- नियम ओटीटी प्लेटफार्मों के लिये आचार संहिता और त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र के साथ एक सॉफ्ट-टच स्व-नियामक तंत्र स्थापित करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

142.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हैदर अली के पुत्र टीपू सुल्तान ने अपने शासन के दौरान कई प्रशासनिक नवाचारों की शुरुआत की, जिसके अंतर्गत उनका सिक्का, एक नया मौलुदी लुनिसोलर कैलेंडर और एक नवीन भूमि राजस्व प्रणाली शामिल थी, जिसने मैसूर रेशम उद्योग के विकास की शुरुआत की। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- श्रीरंगपट्म का युद्ध ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और मैसूर साम्राज्य के बीच लड़ा गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस युद्ध में जीत अंतत: ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की होती है। इसमें टीपू सुल्तान अपनी राजधानी श्रीरंगपटम की रक्षा करते हुए मारा गया।

143.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मौद्रिक नीति समिति (MPC) का गठन केंद्र सरकार द्वारा RBI अधिनियम, 1934 के तहत धारा 45ZB के अनुसार किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- MPC को एक वर्ष में कम से कम चार बार बैठक करना आवश्यक है।
- मौद्रिक नीति समिति में में छह सदस्य होते हैं जिसमे भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर इसके अध्यक्ष के रूप में होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

144 .

उत्तर: B

व्याख्या:

**संसद में प्रस्तुत बजट दस्तावेज़ो में निम्नलिखित मदें शामिल हैं:**

- बजट भाषण
- वार्षिक वित्तीय विवरण
- अनुदान की मांग
- विनियोग विधेयक
- वित्त विधेयक
- व्यय बजट
- प्राप्तियों का बजट
- व्यय
- ज्ञापन वित्त विधेयक में प्रावधानों की व्याख्या
- बजट एक नजर में
- आउटकम बजट **अत: विकल्प B सही है।**

145.

उत्तर: A

व्याख्या:

- मंत्री विधायिका और कार्यपालिका दोनों के सदस्य होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- संसद के सदस्य को या तो लोकसभा या राज्यसभा से मंत्रियों के रूप में नियुक्त किये जाते हैं।

- एक व्यक्ति जो संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं है, उसे भी मंत्री नियुक्त किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- लेकिन छह महीने के भीतर उसे संसद के किसी भी सदन का सदस्य (या तो चुनाव या नामांकन द्वारा) बनना अनिवार्य है अन्यथा वह मंत्री नहीं रह जाता है।

**146.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- IMF की परिकल्पना ब्रेटन वुड्स 1944 में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- IMF द्वारा जारी किये जाने वाले रिपोर्ट:
  - वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, **अतः कथन 2 सही है।**
  - विश्व आर्थिक आउटलुक

**147.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- वर्ष 1885 में बंबई में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस का पहला सत्र डब्ल्यू.सी. बनर्जी की अध्यक्षता में हुआ। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की स्थापना दिसंबर 1885 में बंबई में हुई थी।
- वर्ष 1906 में कॉन्ग्रेस के कलकत्ता सत्र में स्वराज (स्वशासन), बहिष्कार आंदोलन, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय शिक्षा के लिये संकल्प अपनाया गया था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**148.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

- सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत कुल 12 बिमारियों के रोकथाम योग्य टीके शामिल हैं:
- डिप्थीरिया
- काली खाँसी
- टेटनस
- पोलियो
- खसरा
- रूबेला, शिशु में तपेदिक का गंभीर रूप
- हेपेटाइटिस B
- मेनिन्जाइटिस
- हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप B के कारण होने वाला निमोनिया
- रोटावायरस डायरिया
- न्यूमोकोकल निमोनिया और
- जापानी इंसेफलाइटिस (मस्तिष्क ज्वर)
- चेचक सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आता है। **अतः विकल्प D सही नहीं है।**

नोट :

149

उत्तर: B

व्याख्या:

- संसद ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (1951) में निम्नलिखित अयोग्यताएँ निर्धारित की हैं:
- उसे किसी भी अपराध के संदर्भ में दो या अधिक वर्षों के कारावास हेतु दोषी नहीं ठहराया गया हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- निवारक निरोध कानून के तहत किसी व्यक्ति को हिरासत में रखना अयोग्यता का मानदंड नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उसे कुछ चुनाव अपराधों अथवा चुनावों में भ्रष्ट आचरण का दोषी नहीं पाया गया हो।
- वह समय के भीतर अपने चुनाव खर्च का लेखा-जोखा दाखिल करने में विफल नहीं रहा हो।
- उसे सरकारी अनुबंधों, कार्यों या सेवाओं में कोई दिलचस्पी नहीं होनी चाहिये।
- वह किसी निगम में निदेशक अथवा प्रबंध एजेंट नहीं होना चाहिये और न ही लाभ के ऐसे पद पर होना चाहिये जिसमें सरकार की कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सेदारी हो।
- उसे भ्रष्टाचार अथवा राज्य के प्रति निष्ठाहीनता के लिये सरकारी सेवा से बर्खास्त नहीं किया गया हो।
- उसे विभिन्न समूहों के बीच वैमनष्य को बढ़ावा देने अथवा रिश्वतखोरी के अपराध के लिये दोषी नहीं ठहराया गया हो।
- उसे अस्पृश्यता, दहेज प्रथा और सती प्रथा जैसे सामाजिक अपराधों के प्रचार तथा अभ्यास के लिये दंडित नहीं किया गया हो।

150.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ONORC योजना को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) 2013 के तहत कार्यान्वित किया जा रहा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पहले, राशन कार्डधारक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न के अपने अधिकार का लाभ संबंधित राज्य के भीतर निर्दिष्ट उचित मूल्य की दुकान (FPS) से ही प्राप्त कर सकते थे।
- यदि किसी लाभार्थी को दूसरे राज्य में जाना है, तो उसे दूसरे राज्य में नए राशन कार्ड के लिये आवेदन करना होता था।
- इस प्रकार, ONORC सामाजिक न्याय के लिये भौगोलिक बाधा को दूर करने और खाद्यान के अधिकार को सक्षम करने की परिकल्पना करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

151.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान ने लोकसभा और राज्य विधान सभाओं के चुनावों के आधार के रूप में सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रत्येक नागरिक जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है, उसे जाति, नस्ल, धर्म, लिंग, साक्षरता आदि आधार पर भेदभाव के बिना मतदान का अधिकार है।
- मतदान की आयु वर्ष 1989 में 61वें संविधान संशोधन अधिनियम 1988 द्वारा 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी। **अत: कथन 2 सही है।**

152.

उत्तर: A

व्याख्या:

- उन्नत हल्का हेलीकाप्टर (Advanced Light Helicopter- ALH-DHRUV) स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत हल्का हेलीकाप्टर है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ( Hindustan Aeronautics Limited- HAL) द्वारा निर्मित शक्ति इंजन के साथ एक बहु-भूमिका हेलिकॉप्टर है।
- यह 5.5 टन भार वर्ग में एक जुड़वाँ इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकाप्टर है। **अतः कथन 2 सही है।**

153

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- "अनन्य आर्थिक क्षेत्र" (EEZ) महासागर का एक क्षेत्र है, जो आम तौर पर किसी देश के प्रादेशिक समुद्र से आगे 200 समुद्री मील (230 मील) तक फैला होता है, जिसके भीतर एक तटीय राष्ट्र का सजीव और निर्जीव दोनों संसाधनों पर अधिकार क्षेत्र होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- EEZ तटीय राज्य को अपने क्षेत्र के भीतर प्राकृतिक संसाधनों का पता लगाने और उनका दोहन करने का विशेष अधिकार प्रदान करता है।
- इसका अर्थ है कि कोई भी अन्य देश अथवा संस्था तटीय राज्य की अनुमति के बिना कोई आर्थिक गतिविधि नहीं कर सकती है।
- हालाँकि अन्य राज्यों को वैज्ञानिक अनुसंधान करने का अधिकार है और सभी देशों के जहाज़ों को इस क्षेत्र के माध्यम से गुज़रने का अधिकार होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- UNCLOS बाधारहित मार्ग के सिद्धांत को मान्यता प्रदान करता है, जो विदेशी जहाज़ों को तटीय राज्य से पूर्व अधिसूचना अथवा प्राधिकरण की आवश्यकता के बिना शांतिपूर्ण तरीके से प्रादेशिक समुद्र तथा दूसरे राज्य के EEZ से गुज़रने की अनुमति देता है।

154

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- नीली अर्थव्यवस्था या 'ब्लू इकोनॉमी' अन्वेषण, आर्थिक विकास, बेहतर आजीविका और परिवहन के लिये समुद्री संसाधनों के सतत् उपयोग के साथ ही समुद्री एवं तटीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के संरक्षण को संदर्भित करती है।
- नीली अर्थव्यवस्था में मत्स्य पालन, जलीय कृषि, पर्यटन, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा और जैव प्रौद्योगिकी सहित आर्थिक क्षेत्रों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें समुद्री पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता का संरक्षण और बहाली भी शामिल है।
- सतत् विकास लक्ष्य 14 (SDG 14) "जल के नीचे जीवन", जो सतत् विकास के लिये महासागरों, समुद्रों और समुद्री संसाधनों का संरक्षण और सतत् उपयोग है। **अतः कथन 2 सही है।**

155

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- 'प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2022' अधिशेष विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाणपत्रों की बिक्री एवं खरीद की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सरकार ने 31 मार्च, 2022 तक प्लास्टिक पैकेजिंग अपशिष्ट के उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड-मालिकों, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करणकर्त्ताओं द्वारा पंजीकरण के साथ-साथ वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिये केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा एक केंद्रीकृत ऑनलाइन पोर्टल स्थापित करने का भी आह्वान किया है।
- राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (SPCB) या प्रदूषण नियंत्रण समितियों (PCC) को EPR पोर्टल पर उत्पादकों, आयातकों एवं ब्रांड-मालिकों तथा राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करणकर्त्ताओं द्वारा इसकी पूर्ति के संबंध में एक वार्षिक रिपोर्ट CPCB को प्रस्तुत करने का कार्य सौंपा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

156.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रपति का निर्वाचन सीधे लोगों द्वारा नहीं बल्कि निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है जिसमें शामिल हैं:
  - संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य।
  - राज्यों की विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य।
  - दिल्ली और पुदुचेरी केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मंडल पूर्ण नहीं है। **अत: कथन 2 सही है।**

157

उत्तर: C

व्याख्या:

- संघीय न्यायालय के रूप में सर्वोच्च न्यायालय भारतीय संघ की विभिन्न इकाइयों के बीच विवादों का फैसला करता है। इन विवाद प्रकार निम्नलिखित हैं:
  - केंद्र और एक अथवा एक से अधिक राज्यों के बीच, **अत: कथन 1 सही है।**
  - एक तरफ केंद्र और एक या एक से अधिक राज्य तथा दूसरी तरफ एक या एक से अधिक राज्यों के बीच।
  - दो अथवा दो से अधिक राज्यों के बीच।
- सर्वोच्च न्यायालय को अपने रिट क्षेत्राधिकार के तहत रिट जारी करने का अधिकार है।
- सर्वोच्च न्यायालय केवल मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी कर सकता है और अन्य उद्देश्यों के लिये नहीं। **अत: कथन 2 सही है।**

158.

उत्तर: D

व्याख्या:

- गैर-कानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के तहत भारतीय और विदेशी दोनों नागरिकों पर आरोप लगाए जा सकते हैं। यह सभी अपराधियों पर एक समान रूप से लागू होगा, भले ही अपराध भारत के बाहर विदेशी भूमि पर किया गया हो।
- जाँच एजेंसी गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 180 दिनों में आरोपपत्र दाखिल कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- गैरकानूनी गतिविधि किसी व्यक्ति या संगठन द्वारा भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बाधित करने के उद्देश्य से की गई किसी भी कार्रवाई को संदर्भित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

159.

उत्तर: D

व्याख्या:

- मिशन कर्मयोगी सिविल सेवा क्षमता निर्माण हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रम (National Programme for Civil Services Capacity Building- NPCSCB) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) i-GOT कर्मयोगी का प्रबंधन करेगा जो ऑनलाइन प्रशिक्षण डिजिटल प्लेटफॉर्म है।
- इस मिशन हेतु कंपनी अधिनियम 2013 के तहत विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle- SPV) का गठन किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

160.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संविधान भारत के नागरिकों को निम्नलिखित अधिकार और विशेषाधिकार प्रदान करता है (और विदेशियों को इससे वंचित करता है):
  - वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, सभा, संघ, धरना, निवास और व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19 के अंतर्गत है)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के खिलाफ अधिकार (अनुच्छेद 15)।
  - सार्वजनिक रोज़गार के मामले में अवसर की समानता का अधिकार (अनुच्छेद 16 के अंतर्गत है)।
  - सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार (अनुच्छेद 29 और 30 के अंतर्गत है)। **अत: कथन 2 सही है।**

161.

उत्तर: B

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति द्वारा दिये गए एक संदर्भ पर संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों के आचरण और व्यवहार की जाँच की। **अत: कथन 1 सही है।**
- यदि वह उन्हें कदाचार का दोषी पाता है तो उन्हें हटाने के लिये राष्ट्रपति से सिफारिश कर सकता है।
- इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई सलाह राष्ट्रपति के लिये बाध्यकारी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

162.

उत्तर: C

व्याख्या:

- उपचार हेतु किफायती औषधियाँ तथा भरोसेमंद इंप्लांट (Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment- AMRIT/अमृत) दीनदयाल आउटलेट्स का उद्देश्य मरीजों को रियायती कीमतों पर कैंसर और हृदय रोग (Cardiovascular Diseases- CVD) औषधियाँ और प्रत्यारोपण उपलब्ध कराना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- CVD हृदय और रक्त वाहिका विकारों का एक समूह है जिसमें कोरोनरी हृदय रोग, सेरेब्रोवास्कुलर रोग, आमवाती हृदय रोग एवं अन्य स्थितियाँ शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

163.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 42वें संविधान संशोधन अधिनियम (1976) द्वारा संविधान की प्रस्तावना में संशोधन किया गया है, जिसमें तीन नए शब्द समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और अखंडता जोड़े गए हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय संविधान की प्रस्तावना 'उद्देश्य संकल्प' पर आधारित है, जिसे पंडित नेहरू ने तैयार किया था और संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

164.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विलियम हंटर एवं ज्योतिराव फुले ने वर्ष 1882 में मूल रूप से जाति-आधारित आरक्षण प्रणाली के विचार की कल्पना की थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- 103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019 ने आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिये 10% आरक्षण पेश किया। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- अधिनियम आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण प्रदान करने के लिये सरकार को सशक्त बनाने वाले खंडों को जोड़कर संविधान के अनुच्छेद 15 एवं 16 में संशोधन करता है।

**165.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 'वेट-बल्ब' तापमान वह निम्नतम तापमान होता है, जिस पर वायु में जल के वाष्पीकरण द्वारा निरंतर दबाव में वायु को ठंडा किया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 'वेट-बल्ब' के तापमान और ड्राई बल्ब के तापमान के बीच का अंतर वायु की आर्द्रता का एक माप है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इन तापमानों में अंतर जितना अधिक होगा, आर्द्रता उतनी ही कम होगी।

**166**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- स्वास्थ्य के अधिकार का अप्रत्यक्ष रूप से अनुच्छेद 21 में उल्लेख किया गया है, इसे भारतीय संविधान के कई प्रावधानों के साथ देखा जाता है। अनुच्छेद 38, 39, 42, 43, और 47 स्वास्थ्य के अधिकार के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का दायित्त्व राज्य का है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (1948) के अनुच्छेद 25 का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है जो भोजन, कपड़े, आवास और चिकित्सा देखभाल तथा आवश्यक सामाजिक सेवाएँ सहित मनुष्यों को स्वास्थ्य एवं कल्याण हेतु पर्याप्त जीवन स्तर का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**167.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- ESMA पुलिस को अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि यह एक बहुत शक्तिशाली कानून है, लेकिन इसका क्रियान्वयन पूरी तरह से राज्य सरकार के विवेक पर निर्भर करता है।
- नतीजतन, भारत संघ के प्रत्येक राज्य का अपना आवश्यक सेवाएँ रखरखाव अधिनियम है, जो संघीय कानून के प्रावधानों से थोड़ा अलग है। यह स्वतंत्रता केंद्रीय शासन द्वारा प्रदान किया जाता है।
- ESMA भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची की समवर्ती सूची में सूची संख्या 33 के तहत भारत की संसद द्वारा बनाया गया एक कानून है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**168.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग है, जो अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के संविधि के अनुसार कार्य करता है, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर से जुड़ा हुआ है तथा इसका एक अभिन्न अंग है। **अत: कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र का चार्टर संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज़ है।
- संयुक्त राष्ट्र अपने अद्वितीय अंतर्राष्ट्रीय चरित्र और अपने चार्टर में निहित शक्तियों के कारण कई तरह के मुद्दों पर कार्रवाई कर सकता है, जिसे एक अंतरराष्ट्रीय संधि माना जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक साधन है और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इससे जुड़े हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

169.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अधिनियम विधायी रूप से लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सब्सिडी वाले खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये ग्रामीण आबादी के 75% और शहरी आबादी के 50% को शामिल करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम के रूप में, अधिनियम के तहत राशन कार्ड जारी करने के मामले में परिवार की 18 वर्ष या उससे अधिक आयु की सबसे बड़ी आयु की महिला का घर की मुखिया होना अनिवार्य किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

170.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिये प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण या पीएम-पोषण को मंज़ूरी दी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे पाँच वर्ष (2021-22 से 2025-26) की शुरुआती अवधि के लिये लॉन्च किया गया है।
- इस योजना ने स्कूलों में मध्याह्न भोजन या मध्याह्न भोजन योजना के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम का स्थान ले लिया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

171.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- दल-बदल के आधार पर अयोग्यता के संबंध में कानून:
- यदि वह स्वेच्छा से उस राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है जिसके टिकट पर वह सदन के लिये निर्वाचित होता है;
- यदि वह अपने राजनीतिक दल द्वारा दिये गए किसी निर्देश के विपरीत सदन में मतदान करता है या मतदान से दूर रहता है;
- यदि कोई स्वतंत्र रूप से निर्वाचित सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है;
- यदि कोई नामित सदस्य छह महीने की समाप्ति के बाद किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1992 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि इस संबंध में सभापति/अध्यक्ष का निर्णय न्यायिक समीक्षा के अधीन है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

172.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एकीकृत भुगतान प्रणाली (UPI) का उपयोग भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा डिजिटल अंतरण को प्रबंधित करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NPCI रुपे कार्ड नेटवर्क का संचालन करता है, जो भारत का एक घरेलू कार्ड नेटवर्क है।
- NPCI की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) द्वारा वर्ष 2007 के भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम के तहत संयुक्त रूप से की गई थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

173.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कूनो राष्ट्रीय पार्क खथियार-गिर शुष्क पर्णपाती जंगलों का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- कूनो नेशनल पार्क वर्तमान में भारतीय भेड़ियों, गीदड़ों, तेंदुओं, लंगूर बंदरों, नीलगाय, चिंकारा और चित्तीदार हिरण का आवास है।
- चंबल नदी की मुख्य सहायक नदियों में से एक कूनो नदी, राष्ट्रीय उद्यान से गुज़रती है। यह चंबल नदी की सहायक नदी है। **अतः कथन 2 सही है।**

174.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का प्राथमिक कार्य देशों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले विवादों को सुलझाना है।
- ICJ प्रकृति में सलाहकार है और इसलिये देशों पर अपने निर्णयों को सुदृढ़ नहीं कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ICJ केवल अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार संकल्प प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

175.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैश्विक आर्थिक संभावनाएँ (GEP) रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा प्रकाशित की जाती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- COVID-19 महामारी के कारण आर्थिक विकास पर अल्पवधि और दीर्घकालिक दृष्टि से गंभीर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।
- रिपोर्ट के अनुसार कोविड 19 ने संभावित वृद्धि और श्रम उत्पादकता को कम कर दिया है। **अतः कथन 2 सही है।**

176.

**व्याख्या: C**

**व्याख्या:**

- राज्य स्तर पर, चुनाव आयोग को मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जाती है, जिसे राज्य सरकार के परामर्श से मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- CEO राज्य की मतदाता सूची तैयार करने, संशोधन और रखरखाव के प्रभारी हैं।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी का अर्थ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13A के अनुसार नियुक्त अधिकारी है। **अतः कथन 2 सही है।**

177.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान में जनमत संग्रह का कोई विशेष प्रावधान नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राजनीतिक दृष्टिकोण से प्रत्यक्ष लोकतंत्र को व्यक्त करने के लिये जनमत संग्रह अंतिम तंत्र है, लेकिन वर्तमान समय में अधिकांश जनमत संग्रहों को प्रतिनिधि लोकतंत्र के लेंस के माध्यम से देखा जाना चाहिये।
- जनमत संग्रह भारत में न तो गैरकानूनी है और न ही प्रतिबंधित है। **अतः कथन 2 सही है।**

178.

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

- 10 दिसंबर, 1992 को या उसके बाद यदि किसी व्यक्ति का जन्म भारत से बाहर हुआ हो तो वह तभी भारत का नागरिक बन सकता है, यदि उसके जन्म के समय उसके माता-पिता में से कोई एक भारत का नागरिक है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय मूल का वह व्यक्ति, जो नागरिकता प्राप्ति का आवेदन देने से ठीक पूर्व सात वर्ष तक नियमित रूप से भारत में रह चुका हो तो वह पंजीकरण के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

179.

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के अनुसार, 'राज्यों का संघ' उक्ति को "संघीय राज्य" के स्थान पर महत्त्व देने के दो कारण हैं :
- एक, भारतीय संघ राज्यों के बीच में कोई समझौते का परिणाम नहीं है। जैसे कि अमेरिकी संघ में। **अतः कथन 1 सही है।**
- और दूसरा, राज्यों को संघ से विभक्त होने का कोई अधिकार नहीं है।
- भारतीय संघ, वह संघ है जो विभक्त नहीं हो सकता, अर्थात् राज्यों को संघ से अलग होने का कोई अधिकार नहीं है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :